सराक क्षेत्र

सराक क्षेत्र

डॉ. नीलम जैन

सराक साहित्य संस्थान

68, मिशन कम्पाउण्ड,

सहारनपुर

पुस्तक प्राप्ति स्थल
आनन्द जैन
803, कटरा छतरी,
नई सड़क, दिल्ली-110006
फोन : 3269042, 3280227

© डॉ. नीलम जैन

मूल्य : 200.00
प्रथम संस्करण : 1996
प्रकाशक : **सराक साहित्य संस्थान**
दिल्ली-110095
टाइप सैटिंग : **आधार लेजर प्रिंट**
ई. 32, ज्योति कालोनी, शाहदरा, दिल्ली-110032

मुद्रक : नवप्रभात प्रिंटिंग प्रेस, शाहदरा, दिल्ली-32

सभी सराक बन्धुओं को

विषय सूची

आधारिका

पश्चिमी बंगाल, बिहार, उड़ीसा के लगभग 300-400 ग्रामों में सर्वेक्षणोपरान्त कई लाख सराकों की जनसंख्या के आंकड़े सामने आए हैं। जैनागम में अनादिकाल से ही वर्तमान सराक क्षेत्र प्रणम्य क्षेत्र रहा है। तीर्थंकरों की जन्मभूमि, विहारस्थली, तपोभूमि एवं निर्वाणभूमि के रूप में यह क्षेत्र पूज्य रहा है। इस क्षेत्र के अनेक नगरों, जनपदों, ग्रामों के नाम भगवान महावीर की कीर्ति गाथा के प्रत्यक्ष साक्षी हैं—वर्धमान, मानभूम, सिंहभूम, वीरभूम, वर्द्धमानपुर आज भी अपने हृदयस्थल से प्राचीन स्मारकों को आंचल से लगाये हुए गौरवान्वित हैं।

हजारों वर्षों से सांस्कृतिक परम्परा, आचार-विचार से विशुद्ध भारतीय इस क्षेत्र को आवश्यकता है पुनः उन्हीं संस्कृति-संरक्षकों की जो इस क्षेत्र के प्रति अपनत्व भाव रखें। यहां की बिखरे पुरातत्व पर शोध कर विश्व के सम्मुख गर्व से कह सकें—हमारी संस्कृति की जड़ें सदैव समृद्ध रही हैं और रहेंगी।

इसके साथ ही यह सत्य भी सामने आए कि सराकों की अवस्थिति व इतिवृत्त के सक्षम, तर्कसम्मत ऐतिहासिक साक्ष्य हैं। प्रस्तुत सन्दर्भ पुस्तक में सराक शब्द की व्याख्या, कुलदेवता पार्श्वनाथ एवं पुरातत्व से सम्बन्धित कुछ प्रामाणिक तथ्य संग्रहीत किए गए हैं। इस आशा के साथ कदाचित् इनकी परिभाषा कोई सन्दर्भ भविष्य के सादे भवन की एक महत्वपूर्ण नींव की ईंट सिद्ध हों।

अन्त में, श्री चरणों में प्रणाम, उन स्वयंसिद्ध श्रमण उपाध्याय ज्ञानसागर जी को जिनके भागीरथ प्रयासों से, सराक क्षेत्र में प्रवास से विच्छिन्न कड़ियां शृंखलाबद्ध हो रही हैं।

डॉ. नीलम जैन
सहारनपुर

जंगलों में रहने वाले 'सराक' शुद्ध शाकाहारी हैं, भारतीय संस्कृति के सिरमोर हैं सराक

सराक जाति के लोगों का प्रमुख निवास बंगाल, बिहार, उड़ीसा प्रान्त के कई ग्रामों में है। वन्य अंचलों से घिरे समाज की मुख्य धारा से लगभग अलग-थलग से आदिवासी क्षेत्र में सराकों के कई गांव हैं। बिहार प्रान्त में सिंह भूमि जिले में 6 ग्राम, रांची में 49 ग्राम, दुमका में 29 ग्राम, वीरभूम में 3 ग्राम, धनबाद में 12 ग्राम, संथाल परगना के 29 ग्राम, बंगाल प्रान्त में बांकुड़ा जिले के 31, वर्धमान के 28, पुरुलिया के 80, मेदिनीपुर के 40 तथा उड़ीसा प्रान्त में कटक के 49, पुरी के 29, गंजाम के 77 ग्रामों का सर्वेक्षण कर अनेक रोमांचक, अनुकरणीय एवं प्रभावी तथ्य सामने आए हैं।

बिहार, बंगाल, उड़ीसा की वन्य जनजातियों के मध्य हजारों वर्षों से रहते हुए भी ये विशुद्ध शाकाहारी हैं। प्याज, लहसुन तक से भी परहेज रखने वाले ये सराक पानी भी छानकर पीते हैं तथा रात्रि में भोजन भी नहीं करते हैं, स्वच्छता के प्रति इनकी सावधानी का यह आलम है कि बाहर से काम करके आए हुए पति तक को भोजन देने के उपरान्त पत्नी वह थाली हाथ से अशुद्ध होने के भय से स्पर्श नहीं करती है तथा कहीं आस-पास के ग्रामों में जाने पर ये अपने घर का, अपने हाथ का ही बनाया हुआ भोजन प्रयुक्त करते हैं।

निम्न स्तरीय जीवन जीने वाले इन सराकों ने सिर्फ कृषि करके ही जीवनयापन करना सीखा है, हजारों युवक इस प्रगतिशील आधुनिकता की रोशनी से बेखबर बस पुरानी खुरपी-हल लिये ही दिखाई देते हैं। शिक्षा, तकनीक, शिल्प की कोई किरण अभी इन तक नहीं पहुंची, जबकि स्वयं को भारतीय संस्कारों का सच्चा प्रतिनिधि कहते हुए हम रोमांचित हैं। प्रकृत्याशान्त, सौम्य, सरल ये सराक गर्व से कहते हैं कि आज तक इनकी किसी भी पीढ़ी ने ऐसा कोई अपराध नहीं किया जिससे जेल जाना पड़ा हो या सजा भुगतनी पड़ी हो। आपस में ही सुलझाने की कला में भी ये निपुण हैं। हिंसा, अपराध तो दूर यहां तक कि प्रतिदिन के व्यवहार में भी ये हिंसक शब्द जैसे 'काटो', 'मारो' का प्रयोग नहीं करते।

हम अन्धविश्वासी-रूढ़िवादी कहकर इनको नकार नहीं सकते। इनकी जीवन शैली नये-नये चिन्तन का विशाल भूमि देती है। लाखों लोगों का विभिन्न प्रान्तीय

संस्कृति के मध्य रहते हुए भी समान आचरण संहिता एवं सामाजिक विश्वासों के साथ जीवन स्वयं में पर्याप्त शोध का विषय है। जब भी इस क्षेत्र की ओर किसी समाज शास्त्री, बुद्धिजीवी, इतिहासविद्, पुरातत्ववेत्ता की दृष्टि पड़ी वह इन सराकों के संस्कारों से प्रभावित हुआ है। अनेक अंग्रेज इस क्षेत्र में आए और अपनी कलम से इस विषय में लिख कर गए हैं।

बंगाल और पुरी डिस्ट्रिक्ट गजेटियर 1908-1910 में मि. आई. टी. डाल्टन एवं एच. एच. रिसले लिंखते हैं–"सराकगण झारखण्ड में बसने वाले पहले आए हैं, ये अहिंसा धर्म में आस्था रखते हैं।"

मि. गेट सेसंस रिपोर्ट में है–"बंगाल देश में एक खास तरह के लोग रहते हैं, जिनको सराक कहते हैं।

ये सराक एक ऐसी जाति की संतान हैं जो भूमिजों के आने से पूर्व बहुत प्राचीन काल से यहां बसी हुई हैं, इनके पूर्वजों ने पहले अनेक स्थानों पर मन्दिर बनवाये थे। यह अब भी एक शान्तिमयी जाति है जो भूमिजों के साथ बहुत मेलजोल से रहती है।

स्वयं का जंगलों में रहने का कारण बताते हुए हमें चौकाहेतु के सृष्टिधर मांझी, गौरांग सराक, कन्हाई मांझी, बंगाल के किरीट एवं दीनबन्धु मांझी, उड़ीसा नोयगेडा के श्री गोवर्धन बेहेरा, मदन मोहन साहू आदि कहते हैं कि हमारे पूर्वज धर्म की रक्षा के लिए जंगलों में आए चूंकि कई धर्मान्ध राजा बलात् धर्म परिवर्तन कराते थे। स्वयं को वहां असुरक्षित पाकर जंगलों में रहना प्रारम्भ किया। कलिंग युद्ध ने भी जंगलों की शरण लेने को विवश किया। समय-समय पर अनेक साम्प्रदायिक विद्वेषों से भी बचकर ये जंगल में रह गए।

इन सराकों के गोत्र हैं आदिदेव, शांडिल्य, गौतम, अनन्तदेव, नाग नागेश्वर, शान्तिजाय, पाराशर, देलास आदि। उड़ीसा में तो यह जाति प्रमुखतया कपड़ा बुनना, धागा रंगना आदि के कार्यों में लगी हुइ है। इनके कुल देवता पार्श्वनाथ हैं। सराक जाति के नाम और उद्भव के विषय में इनका कहना है कि अभी हाल में उपाध्याय ज्ञानसागर जी महाराज के प्रवास से इन्हें ज्ञात हुआ है कि सराक शब्द श्रावक का अपभ्रंश है, जिसका अर्थ है, श्रद्धावान विवेकी आचरणशील मनुष्य, सराकों में सभी सामाजिक, धार्मिक रीति-रिवाज एवं संस्कार यह मानने को बाध्य करते भी हैं कि ये विवेकी लोग हैं तथा उन्हीं के उद्‌बोधन से इनमें जागृति आयी है।

ये अहिंसक शैली के सच्चे प्रतिनिधि हैं। इनके चेहरों पर जो सांस्कृतिक छाप है, उससे स्पष्ट है कि ये अत्यन्त मानवीय, दान और नखशिख अहिंसक हैं, इनका जीवन पवित्र, निश्छल, वायाशालीन, भद्र और रहन-सहन करुणा से ओतप्रोत है। ये ईमानदार, कर्तव्यपरायण तथा भारतीय संस्कृति के सिरमौर हैं।

सराक पर्यावरण की रक्षा के प्रति सजग समर्पित हैं। कटे हुए वृक्ष को देखकर एक सराक बोला देख रहे हो यह चाण्डाल किस तरह तरसा-तरसा कर उसे छील रहा है। आज नहीं कई दिनों से इसे छीला-तड़पाया जा रहा है, आज तो इस पर कुल्हाड़ी चल रही है। इसी के अभिशाप से बिहार और बंगाल के बन्धु हावी हैं और तड़प कर मरते हैं। जो रहम नहीं खाते और हरे-भरे वृक्षों को काटता है, उसकी वह दशा है जो वर्तमान में घटित है।

यह क्षेत्र पुरातत्व की दृष्टि से भी समृद्ध है। खण्डगिरी, हाथीगुम्फा, उदयगिरि, उड़ीसा की (गुफाएं) पुलिया अनजाईमाबाद के ध्वंशावशेष मूक भाषा में बहुत कुछ कह रहे हैं।

इस पिछड़े और अभावग्रस्त क्षेत्र को देखकर एक पीड़ा और कसक उठती है। यहां के बच्चों के गालों पर आपको लाली देखने को नहीं मिलेगी, बचपन ही में ये थके हुए से लगते हैं, शिक्षा के आलोक का आक्सीजन इनके पास है न जीवन स्तर को ऊंचा करने वाला कोई उद्योग या व्यवसाय, इनकी बीमारी का भी बस भगवान ही रक्षक है, अस्तित्व के लिए चलने वाला निरन्तर संघर्ष यहां प्रत्येक की आंखों पर लिखा मिल जाएगा। यह क्षेत्र भारत का आदर्श क्षेत्र है, ये वे प्रदेश हैं जिन्होंने पूरे विश्व के कैनवस को संस्कृति की तूलिका पकड़नी सिखाई, शिक्षा के रंग दिये हैं, यह वह क्षेत्र है जो आज भी भारत में बढ़ते जा रहे पाश्चात्य सभ्यता के तूफानों को हितवान बनकर रोक सकता है। यहां का एक-एक बच्चा संस्कारों की जन्म घुट्टी पीकर बड़ा हुआ है, संस्कारहीन होती जा रही इस सभ्यता का यदि कोई आदर्श हो सकता है तो यही सराक। यहां सद्भावना, आपसी प्रेम विश्वास की गहरी जड़ें हैं। इस क्षेत्र में सैकड़ों युवकों-युवतियों, महिला-पुरुषों से मिलने पर मैंने उनके सीधे-सरल संदेश की सर्वग्राह्यता और उनके प्रभाव को सहज रूप में अनुभव किया है। यह सेवा-संकोच कहा जा सकता है कि भारतीयता से जुड़ी मान्यताओं एवं संस्कृति का समादार करने वाले एवं क्षेत्र में सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक पुनर्जागरण कर विश्व को रोपन, उसको पुष्पित करने की आवश्यकता है, संस्कृति की रक्षा करते-करते अभावों के झाड़ों से घिरे हुए इनकी दरिद्रता के पत्तों को झाड़ना होगा तथा नवजागरण के हरे पत्तों से इस सराक वृक्ष को हरा-भरा करना होगा।

अब आवश्यकता इस बात की है कि समाजसेवी संस्था, शासन, कर्मठ कार्यकर्त्ता, संस्कृति-प्रेमी सहृदय जन सब मिलकर इसे भरपूर खाद और पानी दें ताकि आगे चलकर इस विशाल वृक्ष की शीतल छाया में पुनः संस्कृति के स्वरों के अनुप्राणित रह सकें। समाज की मुख्य धारा से जुड़कर यह क्षेत्र चमकते चेहरों वाले, उछलकूद मचाते, ऊर्जा से लबालब भरे बच्चे चाहता है। यह क्षेत्र देश की आर्थिक प्रगति में हाथ बंटाते, भारत का भविष्य संवारने, सुरक्षित रखने में समक्ष हो।

सराक

The name 'Sarawak', 'Sarok' or Sarak is clearly a corruption of 'Shrawak' The Sanskrit word for a hearer which was used by the Jains for lay brothers that is the Jain engaged is secular pursuits as distinguished from 'Yati' that is priests or asectics

—बंगाल डिस्ट्रिक्ट गजेटियर 1910 पृष्ठ सं. 23

Mr. L. S.S O. Mally

अर्थात् सरावक, सरोक, सराक स्पष्ट परिलक्षित है कि श्रावक का अपभ्रंश रूप है। यह संस्कृत में सुनने वाले के लिए कहा जाता है। उस समय जैन धर्म में परिवर्तित व्यक्तियों के लिए प्रयोग किया जाता था। ये श्रावक जैन धर्म प्रवर्तक यति, मुनि, संन्यासी से भिन्न होते थे।

'In 1863' I halted at a place called Jampura twelve miles from Purulia and was visited by some villagers who struck me as very respectable and intelligent in appearence. They called themselves 'Saraks' and they prided themselves on the fact that under our Government not one of their community has ever been

British Commissioner, E T Dalton

सराकगण झारखण्ड में बसने वाले पहले आर्य हैं, ये अहिंसा धर्म में आस्था रखते हैं।

मि. आई. टी. डाल्टन एवं एच. एस. रिसले

बंगाल और पुरी डिस्ट्रिक्ट गजेटियर, 1908-1910

बंगाल देश में एक खास तरह के लोग रहते हैं जिनको श्रावक कहते हैं, ये मूल रूप से जैन हैं।

मि. गेट सेसंस रिपोर्ट

वे (सराक) एक ऐसी जाति की संतान हैं जो भूमिजों के आने से पूर्व बहुत प्राचीन काल से यहां बसी हुई हैं, इनके पूर्वजों ने पहले अनेक स्थानों पर मन्दिर बनवाये थे। यह अब एक शांतिमयी जाति है जो भूमिजों के साथ बहुत मेल-जोल से रहती है।

मि. गेट सेसंस रिपोर्ट

सराक लोग हिंसा से घृणा करते हैं, दिन में खाना खाते हैं, सूर्योदय से पूर्व भोजन नहीं करते, गूलर आदि कीड़ों वाले फलों को भी नहीं खाते, श्री पार्श्वनाथ को पूजते हैं और उन्हें अपना कुलदेवता मानते हैं। इनके यहां एक कहावत प्रसिद्ध है :

ढोह डूमर (गूलर) पोढ़ो घाती
ये चारों नहीं खाये सराक जाति।

मि. रूवकूपलैण्ड

इनकी (सराकों की) प्राचीन कारीगरी के बहुत से चिह्न अवशेष हैं जो इस देश में सबसे प्राचीन हैं। अनेकों जैन मन्दिर और जैन तीर्थंकरों, गणधरों, श्रमणों, श्रावक-श्राविकाओं की मूर्तियां आज भी इस प्रदेश में सर्वत्र इधर-उधर बिखरी पड़ी हैं जो कि सराक लोगों के द्वारा निर्मित तथा प्रतिष्ठित कराई गई थीं।

A. S. B. 1868 N. 35

They are represented as having great scruples against taking life They must not eat till they have been the sun and they Venerate Parasanath.

The Jain images are a clear proof of the existence of the Jain religion in their parts in old time. (A. S. B. 1868)

सिंहभूम में तांबे की खानें व मकान हैं जिनका काम प्राचीन लोग करते थे। ये लोग श्रावक थे। पहाड़ियों के ऊपर घाटी में व बस्ती में बहुत प्राचीन चिह्न हैं। यह देश श्रावकों के हाथ में था।

सिंहभूम श्रावकों के हाथ में था जो अब करीब-करीब नहीं रहे हैं। परन्तु तब वे बहुत अधिक थे। उनका असली देश शिखर भूमि (सम्मेद शिखर पर्वत के आस-पास की भूमि) और साकेत कहा जाता है। (जर्नल एसि. 1840 सं. 676)

श्रावक या गृहस्थ जैनों ने जंगलों में घुसकर तांबे की खानें खोजीं जिसमें उन्होंने अपनी शक्ति व समय खर्च किया।

A.S.B. 1869 p. 179-5

यह सब तरफ बात मानी हुई है कि सिंहभूम का एक भाग ऐसे लोगों के पास था जिन्होंने अपने प्राचीन चिह्न मानभूम जिले में रख छोड़े हैं। ये वास्तव में बहुत ही प्राचीन लोग थे जिनको श्रावक या जैन कहते हैं। कोलहेन में भी बहुत सरोवर हैं जिनको 'हो' जाति के लोग 'सरायक सरोवर' कहते हैं।

(बंगाल एथनोलोजी—कर्नल डैल्टन)

ब्राह्मण और उनके मानने वालों ने सातवीं शताब्दी के बाद इन श्रावकों को अपने प्रभाव में दबा लिया जो कुछ बचे व उनके धर्म में नहीं गए वे इन स्थानों

से दूर चले जाकर रहे। मकानों को देखने से संभव होता है दसवीं शताब्दी में ब्राह्मणों का जोर हो गया था। परन्तु बसंत विलास से विदित होता है कि चालुक्य विरध वाला मन्त्री वस्तुपाल (ईस्वी सन् 1219-1233) जब इधर तीर्थयात्रा के लिए आया था उस समय लाटा, गादा, मारू, ठाला, अवन्ति एवं बंग के संघपति इससे मिले थे। इस प्रसंग से पता चलता है कि तेरहवीं शताब्दी में भी गादा तथा बंग में संगठित जैन संघों के नेता विद्यमान थे और सोलहवीं शताब्दी के बीच में कभी भूमिज लोग पश्चिम उत्तर से नये आए हुओं की सहायता से उन्नति में बढ़े होंगे और उनको (श्रावकों को) जड़मूल से नष्ट किया होगा। श्रावकों को सता कर कोलेहान से भी निकाला था। (जर्नल एसि. 1840 नं. 696)

सराकों के कुलदेवता पार्श्वनाथ का ऐतिहासिक महत्व

There can not larger be any doubt that Parsava was a historical personage According to the Jain Tradition he must have lived a hundred years and died 250 years before Mahavira His period of activity, therefore corrosponds to the 8th Centurey B.C.

The parents of Mahavira were followers of religion of Parsava. . The age we live in, there have appeared 24 prophets of Jainism. They are ordinerily called Tirthankras with the 23rd parasarnath we enter into the religion of history of reality. (Introduction to his essay of Jain Bibliography) Mr. Geriton French Scholar

There is evidence to show that so far back as the first Century B. C there were people who were worshipping Rishabhdeva, the first Tirthankra. There is no doubt that Jainism prevailed even before Vardhman or Parasavnath.

Dr. Radha Krishnan, Indian Philosophy, Vol. I, P. 287

भगवान पार्श्वनाथ ने अंग, बंग और कलिंग में जैन धर्म का प्रचार किया था। धर्म प्रचार के लिए वे ताम्रलिप्त बन्दरगाह से कलिंग गये। मार्ग में वे कोपकटक में धन्य नामक एक गृहस्थ के घर ठहरे थे। इस घटना को स्मरणीय रखने के लिए कोपकटक को धन्यकटक कहा जाने लगा। उस समय मयूरभंज में कुसुम्ब नामक क्षत्रिय का राज्य था और वह राजवंश भगवान पार्श्वनाथ द्वारा प्रचारित धर्म से सम्मानित था।

(जैन क्षेत्र समाज, भूमिका, डॉ. नागेन्द्र नाथ बसु)

सम्राट करकण्डु भगवान पार्श्वनाथ के शिष्य थे।

(Indian Culture, Vol. IV, P. 319)

बिहार, बंगाल, उड़ीसा का पुरातत्व

The influence of the Jainism in the district of Singhbhum is also borne out by many existing ancient relics at Benusagar and other areas. The ruins of the temples and the pieces of ancient sculpture. .to the 7th Century

A.D. Jainism in Bihar, Page 64

Bihar has been the centre of our ancient history for centuries. It has been the birth place and has served as a stage for the activities of great heroes in every department of human endeavour–art, science, literature, philosopy religion, statesmanship and war.

Introduction Pay 11 Shriparkashji (Jainism in Bihar)

Older shrines of the middle ages with numerious Jain images, are also found but no longes used for worship

Jainism in Bihar, P C Raychoudhery, p. 94

मध्य भारत, उत्तर प्रदेश तथा बिहार में अनेक जैन मूर्तियां प्राप्त हुई हैं और हजारों कांस्य मूर्तियां पश्चिमी भारत की स्थानीय कला शैली से मिली हैं जिनके अध्ययन से ज्ञात होता है कि राजस्थान की भांति ही बिहार तथा बंगाल में भी जैनियों की अपनी उत्कृष्ट शैली थी।

पर्सी ब्राउन (इण्डियन आर्कीटेक्चर)

दी टैम्पल सीटिज ऑफ दी जैन्स

ह्वेनसांग के अनुसार–बाराभुम परगना के बड़ा बाजार नामक स्थान तक भगवान महावीर भ्रमण करने गए थे। बलरामपुर, बोराम, चंदनकिआरी, पाकवीरा, एधपुर, दारिका चर्रा, दुल्मी, देयली, भवानीपुर, अनई, कटरासगढ़, चेचगांवगढ़ आदि छोटापुर अनेक स्थानों में जैन अवशेष भरे पड़े हैं जिनका जैन धर्म के इतिहास में अपना एक विशेष महत्त्व है।

उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त सभी स्थानों में आज भी सराक-बहुल क्षेत्र हैं।

परीक्षा करने से बंगाल के धर्म में, आचार में और व्रत में जैन धर्म का प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। जैनों के अनेक शब्द बंगाल में प्रचलित हैं। प्राचीन बंगाली लिपि के बहुत से शब्द विशेष तौर से युक्ताक्षर देवनागरी के साथ नहीं मिलते, परन्तु प्राचीन जैन लिपि से मेल खाते हैं।

आ. क्षितिमोहन सेन–विश्ववाणी का जैन संस्कृति अंक, पृ. 204

पुरुलिया से 10 मील कंसाई नदी के तट पर बैजनाथ मन्दिर बनाया गया है। इसमें नग्न तीर्थंकर मूर्तियां अंकित हैं जो कि जैन तीर्थंकरों की हैं।

(जर्नल एसियाटिक सोसाइटी नं. 35, Vol. I, सन् 1866, pp 186)

मानभूम में खास पहाड़ी जो 3407 फुट ऊंची है पारसनाथ हिल के समान है। यहीं सुवर्णरिखा नदी तट पर पुराना नगर डलमी या दयापुर डलमी है। यहां जैनियों के खण्डहर हैं। एक विक्रमादित्य का किला है। यही 9 व 10वीं सदी में जैनियों की बस्ती थी।

डलमी से उत्तर-पश्चिम 10 मील देवली गांव में करण वृक्ष के नीचे बहुत से मन्दिरो के चिन्ह अब भी मौजूद हैं। ये सब जैनियों के हैं। सबसे बड़ी मूर्ति अरहनाथ की है। 13 फुट ऊंची है। मस्तक के दोनों और जैन मूर्तियां हैं। यह मन्दिर बडा और सुन्दर था। चारों कोनो पर चार मन्दिर थे जिनमें से दो अब भी विद्यमान हैं। यहां से 1.5 मील पर वृक्ष के नीचे एक सर्प सहित नग्न जैन मूर्ति है व दो छोटी ओर है ईचागढ़ के पास। देवलटाण्ड में भी प्राचीन जैन चिन्ह हैं।

आर्किलोजिकल सर्वे इण्डिया रिपोर्ट, Vol VIII, pp 186 और
जर्नल एसि. सो. बंगाल 1866, Vol. 35, p 1

वर्धमान के नाम पर ही बांगलादेश के मानभूम, सिंहभूम और वर्द्धमान जिलों के नाम पड़े हैं।

(आई. एच. क्यू. 4, पृष्ठ 44, साहित्य परिषद पत्रिका 1322, पृष्ठ 5, जे. बी. ओ. आर. एस. 1927, पृष्ठ 90)

वीरभूम, बांकुड़ा आदि अनेक स्थानों से प्राप्त जैन मूर्तियों को एवं पुरातत्व सामग्री को देखकर श्री आर. डी. बनर्जी ने इसे जैन प्रभाव वाला क्षेत्र कहा है। (ज्ञातव्य है कि इन स्थानों पर आज भी शताधिक ग्राम सराकों के हैं।)

All the Jain images belongs to the Digambar sect
(Studies in Jaina Art, p 26, Dr Umakant Shah Premanand Shah Banda)

A number of inscriptions on the pedestals of some of the images have been found They have not yet been properly deciphered or studied A proper study of the inscriptions and the images supported by some excavations in well-identified area of Jaina Culture will no doubt throw a good deal of light on the history of culture in this part of the country extending over two thousands years.

(P C Roychoudhary, Jain Antiquities in Manbhum)

It is now almost forgotten the district of Manbhum in Chotanagpur Division of Bihar had once been a great centre of Jainism.

P. C Roychoudhary

There is a theory that the Chola soldiers on there way to the expedition under Rajendra Choladeva and on the return back of the defeating Mahipal of the Bengal near about 1023 A.D. has destroyed many of the Jaina temples and images in Manbhum district.

Jainism in Manbhum, Acharya Bhikbhim Somantı Gradih, IIIrd Vol., p. 25

इनके अतिरिक्त कलकत्ता, पटना और भुवनेश्वर के संग्रहालयों में इन क्षेत्रों से प्राप्त जैन प्रतिमाएं रखी हुई हैं। साथ ही अनेकों स्थानों पर खण्डित-अखण्डित जैन प्रतिमाएं, ध्वस्त मन्दिर जैन प्रतीक बिखरे पड़े हैं जिनमें प्रमुख हैं—बिहार में गया जिले के अन्तर्गत पचार पहाड़ी, ब्रह्मजूनी पहाड़ी—जिन्हें देखकर कनिंघम साहब ने लिखा है—यहां की मूर्तियां प्रगट रूप से जैनियों की हैं।

हजारी बाग में पारसनाथ पर्वत एवं कलुहा पहाड़, भद्दलपुर यहां अनेक प्राचीन जैन मन्दिर एवं जैन प्रतिमाएं हैं।

बंगाल में मानभूम के अतिरिक्त बलरामपुर, बोरम, दारिका, दर्रा, करतासगढ़, पवनपुर, पांचेत या पांचकोट पार, तेलकूपी पंखाग्राम, बरा बाजार में अनेक प्राचीन अवशेष हैं। जिला हुगली, मेदिनीपुर, खुलना में भी अवशेष हैं।

सिंहभूम के अतिरिक्त बेनूसागर, कोल्टन, रुआम, हांसी, हुकंडी, देवलडीह, नवाडीह, तमाड़ में प्राचीन स्मारक हैं।

मयूरभज, कोपकटक, बरसई, नीलगिरि में पुण्डाल, डोमगांधार तारिपदा, बाजसाई, रानीबन्ध, बालासर, भीमपुर, किंचिग आदि पुर में पर्याप्त जैन चिह्न हैं।

उड़ीसा के पुरी जिला में उदयगिरि, खण्डगिरि एवं नीलगिरि तो महत्त्वपूर्ण हैं ही इनके अतिरिक्त धौली, तोसाली, पीपजीधाना में जैन मन्दिर एवं जैन प्रतिमाएं प्राप्त हुई हैं।

कटक जिला में अगसिया पहाड़ी, छातिया पहाड़ी, चांदवर, जजपुर, रत्नगिरि से जैन प्रतिमाएं प्राप्त हुई हैं।

पुरी में मन्दैल नामक स्थान से सुन्दर प्रतिमाएं प्राप्त हुई हैं।

पूज्य उपाध्याय श्री का पावन प्रवचन

बंगाल, बिहार, उड़ीसा के क्षेत्र हमारे तीर्थंकरों के वर्षों तक विहारस्थल रहे हैं, वर्तमान में ये ही हमारे सराक बन्धुओं के आश्रय स्थल हैं। इन्होंने विधर्मियों के अत्याचार, दबाव सहने पर भी, गरीबी से ग्रस्त होने पर भी अपने परम्परागत जैनधर्म को नहीं छोड़ा। अपने जैन संस्कारों को जीवित रखा है, सराक जैन हैं, लेकिन जैनधर्म की मूलधारा से कटने के कारण उनकी स्थिति बड़ी दयनीय बन गई है। आज जैन समाज को स्वस्थ एवं संगठित बनाये रखने के लिए इन उपेक्षित एवं अभावग्रस्त सराकों का उत्थान आवश्यक है। रांची सिंहभूम में बिहार के मध्य उनके द्वारा संरक्षित आदर्शों को देख मुझे सुखद आश्चर्य हुआ, उनमें परम्परागत संस्कृति संस्कार वैभव आज भी जीवन्त हैं, यदि आज हम इस क्षेत्र में सदियों से निवास कर रहे सराकों की ओर से दृष्टि हटा लेते हैं तो हमारे तीर्थंकरों द्वारा निर्मित अहिंसा की नींव हिल जाती है जिस पर पूर्व भारत की जैन संस्कृति का भव्य मन्दिर खड़ा है। साहित्य के माध्यम से भी सराक क्षेत्र का समुचित ज्ञान जनमानस को मिल जाता है इसलिए ऐसे ट्रेक्ट प्रकाशित होने चाहिएं।

इतिहास, धर्म, संस्कृति, राजनीति, अर्थशास्त्र और भौगोलिक चाहे किसी भी दृष्टि से देखें, बिहार आधुनिक एवं प्राचीनतम भारत का सर्वाधिक महत्वपूर्ण और कई अर्थों में तो एकदम विशिष्ट राज्य है। इसी राज्य ने देश के सांस्कृतिक एवं साहित्यिक वैभव को नया पृष्ठ दिया। नालन्दा जैसे विश्वविद्यालय, मगध जैसा राज्य जिसने सम्पूर्ण विश्व में कीर्ति पताका फहराई इसी राज्य का स्वर्णिम इतिवृत्त है। हिन्दू और मुस्लिम संस्कृतियों से लेकर आदिवासी जनजातियों, सराक, संथाल, खरवार मुण्डा आदि क्षेत्रीय जातियों से समृद्ध विभिन्न संस्कृतियों को संजोने वाला, भारत के महत्वपूर्ण तीर्थों, इतिहास प्रसिद्ध नगरों, कला, वैभव, पुरातत्व और इमारतों आदि को बनाये रखने वाला, एक साथ बनीय सभ्यता से लेकर महानगरीय औद्योगिक विशेषताओं से परिपूर्ण रहने वाला यही राज्य है। भाषा, खान-पान, पहनावा, रहन-सहन आदि से लेकर अर्थ वैषम्य और विविधतामयी एकता भी सबसे अधिक इसी राज्य में मिलती है। एकदम सत्य यह है कि अपने एक-एक वैशिष्ट्य, एक-एक क्रिया-कलाप और एक-एक बात से अतीत से लेकर आज भी यही राज्य भारत की अंगूठी में जड़ा कीमती नग बना हुआ है। यही वह राज्य है जहां चिश्ती

जी की दरगाह, गोविन्द सिंह जी की कर्म-स्थली, बुद्ध का विहार और भगवान् महावीर का जन्म एवं विहार तथा श्री पार्श्वनाथ का निर्वाण हुआ। यहां की कोयले और अभ्रक की खानें, लौह इस्पात के कारखाने भारत की श्री वृद्धि में आधार बने हुए हैं। बिहार राज्य ही के नामकरण में सन्तों का विहार प्रमुख कारण माना जाता है, जैन धर्मावलम्बियों का तो बिहार राज्य अनुपम तीर्थ है। इसका कण-कण पूज्य है। भगवान् महावीर का वर्षों तक विहार इस क्षेत्र में हुआ है आज भी यहां अवस्थित क्षेत्र और उसके नाम से मण्डित सिंहभूम, बिरभूम उन्हीं की यशोगाथा के जीवन्त प्रतीक हैं। वर्तमान में ये भगवान् महावीर के नाम से सज्जित नगरों में भगवान् महावीर की अवस्थिति है ? इस क्षेत्र की जनता में उनके प्रति कितनी श्रद्धा है प्रस्तुत कृति में यही जानने, विचारने, समझने का लघु प्रयास किया गया है। सत्य यह भी है यदि भगवान् महावीर की श्रमण परम्परा के समर्थ सच्चे संवाहक पूज्य उपाध्याय ज्ञानसागर जी महाराज ने वहां रहकर प्रत्यक्षतः सब न देखा, समझा होता तो निश्चित था कि समाज तीर्थंकरों की इस जन्मस्थली एवं विहारस्थली का अल्प समय में ही अन्य संस्कृति में विलीन होते देखने की पीड़ा भोगती और स्थिति इतनी असामान्य हो जाती कि चाहकर भी पुनः इस धरा पर वीर के शासन और सिद्धान्तों को स्थापित नहीं किया जा सकता था।

आज यदि इस सराक समाज को पहचाना गया है तो इनकी ही परम्पराओं के माध्यम से। आस्था और विश्वास, लक्ष्य और मूल्य, साधना और क्रिया में अतीत से वर्तमान तक चली आयी निरन्तरता की धाराओं को ही तो परम्परा कहते हैं। ये धाराएं समय द्वारा परीक्षित होती हैं, उपयोगी और उपोदय भी। परम्परा से ही समाज की पहचान बनती है उनके माध्यम से समुदाय, विचार और व्यवहार एक स्थिर आधार पाते हैं।

इन क्षेत्रों की संस्कृति के प्रदीर्घ इतिहास के सर्वेक्षण से ज्ञात होता है कि अतीत के विभिन्न युगों में अनुकूल परिस्थिति प्राप्त कर प्रतिकूल धारा में पुरुषार्थ, स्वत्व एवं स्वाभिमान की रक्षा करते हुए ये सराक अपनी सांस्कृतिक परम्परा को अक्षुण्ण बनाये रखने में समर्थ सिद्ध हुए हैं।

भगवान् पार्श्वनाथ और भगवान् महावीर दोनों ने ही इस क्षेत्र को अपने विहार और देशना से पवित्र किया है। तीर्थंकर अनुपम और असाधारण होते हैं। दोनों तीर्थंकरों का लोकव्यापी प्रभाव था ही। एक तीर्थंकर को उनके अनुयायी अब तक अपना कुलदेवता मानते हैं और दूसरे तीर्थंकर के विहार की स्मृति सुरक्षित रखने के लिए जनता ने समूचे प्रदेश का नाम ही बिहारप्रान्त रखकर विशेष स्थानों का नाम सिंहभूम, विरभूम, वर्द्धमान आदि रख दिया।

सराक जाति में जैनधर्म का प्रचार सिंहभूम, धनबाद और रांची जिलों में विशेषतः हुआ। इस क्षेत्र के सराकों के साथ जैनों का सम्पर्क भी अविच्छिन्न रूप से चल रहा है। पूज्य उपाध्याय श्री जी की प्रेरणा से यहां मन्दिरों का भी निर्माण कार्य चल रहा है, इसलिए दिगम्बर आम्नाय के अनुसार पूजन, णमोकार मंत्र का जाप, आदि करते हैं। ये सराक बन्धु अपने नाम के अन्त में जैन श्रावक भी लगाते हैं।

बिहारप्रदेश प्राचीन काल में मगध, अंग, वैशाली, संघ आदि में बंटा हुआ था। तीनों ही राज्य प्रबल थे। श्री महावीर के उत्तरकाल में मगध राज्य अन्य राज्यों की अपेक्षा अधिक प्रबल हो गया था। वैशाली और अंग के राज्यों पर मगध का आधिपत्य हो गया तब यह प्रदेश मगध कहा जाने लगा। मनुस्मृति, महाभारत आदि हिन्दू ग्रन्थों में महावीर से पूर्वकालीन इस प्रदेश का कोई एक नाम उपलब्ध नहीं होता बल्कि अंग और मगध ये दो नाम मिलते हैं किन्तु शिशुनागवंशी अजातशत्रु ने अंग, वैशाली आदि राज्यों को सदा के लिए समाप्त कर दिया। तब राज्य शक्ति की अपेक्षा इस प्रदेश को मगध कहने लगे। किन्तु यह नाम अधिक समय तक नहीं चल पाया, अजातशत्रु के उत्तराधिकारी इस राज्य को छिन्न-भिन्न होने से नहीं बचा पाये। तब फिर मगध नाम छोड़ देना पड़ा। वस्तुतः प्रदेश का नाम मगध नहीं रहा। मगध में तो केवल वर्तमान पटना और गया जिले सम्मिलित रहे हैं। उसकी राजधानी पहले राजगृह और बाद में पाटलिपुत्र रही है। इसलिए इस प्रदेश पर जब मगध का राज्य हो गया तो इसे मगध कहा जाने लगा किन्तु वह प्रदेश का नाम न होकर राज्य का नाम रहा। तब प्रदेश का नाम क्या था ? प्रदेश को बिहार नाम कब मिला ? ये सब शोध के विषय हैं। यह निर्विवाद है कि बिहार नाम स्वयं में इतिहास का वाचक है। बिहार में भारतीय संस्कृति झलकती है, एक युग विशेष प्रतिबिम्बित होता है और साथ ही ऐसा भी बहुत कुछ जो भौगोलिकता से पृथक् धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं दार्शनिक क्षेत्र के अनेकानेक पहलुओं को स्पर्श करता है।

जिन्होंने भी सराक क्षेत्र देखा होगा, उनके विषय में सुना होगा निःसन्देह उन्हें भगवान् महावीर, भगवान् पार्श्वनाथ स्मरण हो आए होंगे—वही प्राकृतिक सुषमा, वही सारा पर्यावरण, वही शुद्ध-बुद्ध चेतना, वही संस्कारी सामाजिक जीवन है। यहां के अरण्य, धरातल अभी श्री वीर को विस्मृत नहीं कर पाये, न ही श्री पार्श्वनाथ को। धूप, शीत, वर्षा का प्रकोप सहना, अभावों में भी प्रसन्नता का अनुभव, सरल, सादगी पूर्ण निश्छल जीवन उन्होंने वहीं तो सीखा था। कुल परम्परा जीवित है। भगवान् महावीर के श्रमशील पुरुषार्थी संदेश को यह सराक समाज अपने अन्दर धारण किये

हुए है। कोई घर पक्का नहीं, परम्परागत ढंग की झोपड़ियां, खपरैल के बने मकान हैं। कहीं-कहीं इन सराकों के लिए खुले हैं प्राइमरी स्कूल शिक्षित, सभ्य बनाने को। इन्हें स्कूल ग्राम पंचायत और ग्राम विकास अधिकारी के माध्यम से कितना सभ्य बना पाये यह बात पृथक है, पर इनके मासूम चेहरे आगन्तुक को देखते ही खिल उठते हैं। गर्व से कहते हैं भगवान् के कृषि का संदेश दिया सो करते हैं, खेती-बाड़ी में लगे हैं। यह धरा हमारा तीर्थ है। श्री पार्श्वनाथ के आशीष से सब कुछ सहज है। प्रसन्न मुख हैं। आकाश तले बिखरी यह धरा ज्यों की त्यों है। इसके ऊपर जो कुछ भी उथल-पुथल हुई वह निःसन्देह चिन्तनीय है।

किसी प्रदेश, किसी अंचल में रहे मानव हैं उसके सुख-दुःख, उल्लास-वेदना, उसकी भावनाएं सभी कुछ समान हैं। वह अपनी प्रसन्नता में मुस्कान बिखेरता है और उसके दुःख-दर्द की कहानी उसके आंसू ही कहते हैं फिर भी जीवन बहुरंगी है। भौगोलिक परिस्थितियां, सामाजिक परम्पराएं तथा रीति-रिवाज और समाज विशेष का आर्थिक गठन यह सब मिलकर प्रत्येक अंचल के जन-जीवन को विशिष्ट स्वरूप देते हैं। यही वे आधार हैं जिनसे लोक संस्कृति की विशिष्ट पहचान होती है अथवा जिन पहचान के माध्यम से वे अद्यतन स्वयं को संगठित कर जीवित रखे हुए हैं ऐसा ही है एक क्षेत्र 'सराक'—जिसकी अपनी विशिष्ट संस्कृति है। क्षेत्रीय आचार-विचार से अप्रभावित हजारों वर्षों से शुद्ध सात्विक संस्कारों में रचे-बसे इनके सभ्य, शुद्ध एवं धार्मिक आचरण को देखकर ही शोधकर्ता इस भूमि के नामकरण और इन्हें एक-दूसरे का पर्याय मानते हैं। सर्वविदित है भगवान् महावीर अपने काल में पर्याप्त प्रभावक धर्मपुरुष थे। जिनका धर्म जातीयता से कभी नहीं बंधा। वह धीरे-धीरे राजकुलों से झोपड़ी तक फैला, संभ्रान्तों से दरिद्रों तक पनपा।

महावीर के सत्य शील मनुष्य, मनुष्य के अघटित भेदों के विरुद्ध क्रान्ति जगाई और उनका दयालु हृदय दुःखी, गरीब, असहाय लोगों की सहायता करने को तत्पर बना। उनकी विश्वविस्तीर्ण दया ने दुःखी हो रहे जगत को आत्मसुधार और पवित्र जीवन का सन्देश पहुंचाने की प्रेरणा दी और प्राणी मात्र में विश्वबन्धुत्व की भावना का अनुशीलन करने का प्रयास किया। पूर्व समय में यूरोप में जैसे ईसाई धर्म फैला था वैसे ही धीरे-धीरे भारतवर्ष में जैनधर्म भी प्रचार पाने लगा और वह भी यहां तक कि श्रेणिक, कुणिक, चन्द्रगुप्त, सम्प्रति, खारवेल, बिम्बसार आदि अनेक राजाओं तथा भारतवर्ष के हिन्दूराज्य की प्रारम्भिक विख्यात शक्तियों ने जैनधर्म स्वीकार किया।

भगवान् महावीर ने विहार भी बहुत स्थानों पर किया—मगध और अंग देश के राज्य में आए हुए उत्तर और दक्षिण बिहार के लगभग सभी नगरों में उन्होंने

विहार किया, प्रमुखतया वे मगध और अंग में ही रहे। उनके अनेक चातुर्मास वैशाली, राजगृही, चंपा, मिथिला, श्रावस्ती में हुए। प्रसिद्ध विद्वान् याकोबी कहते हैं :

"श्रावस्ती जिसको सहेत-महेत भी कहते हैं, जैनों की चन्द्रिकापुरी या चन्द्रपुर है।" उस काल में उस समय में श्रमण भगवान् महावीर ने प्रथम चातुर्मास अस्थिक ग्राम में, तीन चातुर्मास चंपा और पृष्ठ चंपा में, बारह वैशाली और वाणिज्य ग्राम में, चौदह राजगृह और नालन्दा के उपनगर में एक श्रावस्ती में और एक पावानगरी में राजा हस्तिपाल की रज्जुशाला (लेखनशाला) में किया था (याकोबी पृ. 244) से हुई।

"श्री महावीर प्रभु बारह वर्ष से कुछ अधिक काल तक लाढ़ वज्रभूमि और शुभ्रभूमि में और बंगाल में आज के राढ़ प्रदेश में भ्रमण करते रहे थे।"

शार्पेंटियर दी ज्योग्रॉफिकल डिक्शनरी ऑफ एशियेण्ट एंड मैडिवल इंडिया

भगवान् महावीर ने व्यक्ति और समाज के उद्धार के लिए, चारों पुरुषार्थों को सम्यक् ढंग से चरितार्थ करने के लिए राजनीति और धर्म को गतिशील बनाया उन्होंने धर्म की व्याख्या ही नहीं की अपितु उसको गति भी दी थी।

भगवान् महावीर का लोकव्यापी प्रभाव

भगवान् महावीर के धर्म विहार और प्रभाव का प्रामाणिक इतिहास मिलता है। आचार्य जिनसेन ने 'हरिवंश पुराण' में इस इतिहास पर संक्षिप्त प्रकाश डाला है। हरिवंश पुराण में वर्णित यह इतिहास प्रामाणिक तो है ही, उससे भारत के सभी भागों में भगवान् महावीर के अलौकिक विस्तार पर भी अधिकृत प्रकाश पड़ता है। उसका सार इस प्रकार है–

राजा श्रेणिक प्रतिदिन तीर्थंकर भगवान् महावीर की सेवा करता था। वह गौतम गणधर को पाकर उनके उपदेश से सब अनुयोगों में निष्णात हो गया था। उसने राजगृह नगर का जिन मन्दिरों से व्याप्त कर दिया। वर्द्धमान जिनेन्द्र ने पूर्वदेश की प्रजा के साथ-साथ मगध देश की प्रजा को प्रबुद्ध कर विशाल मध्य देश की ओर गमन किया। मध्य देश में धर्मतीर्थ की प्रवृत्ति होने पर समस्त देशों में धर्म विषयक अज्ञान दूर हो गया। भगवान् महावीर ने भी वैभव के साथ विहार कर मध्य के काशी, कौशल, कुसन्ध्य, साल्व, त्रिगर्त, पंचाल, भद्रकार, पटच्चर, मौक, मतन्य, कनीय, सूरसेन और वृकार्थक समुद्रतट के कलिंग, कुरूजांगल, कैकेय, आत्रेय, कम्बोज, वाल्हीक, यवन, सिन्ध, गान्धार, सौवीर सूर, भीरू दरौरूक वाडवान, भारद्वाज और क्वाय तोय तथा उत्तर दिशा में तार्प, कार्प और प्रच्छाल आदि देशों को धर्म से युक्त किया।

श्वेताम्बर आश्रमों के अनुसार भगवान् महावीर के 42 विरक्त वर्षों में चातुर्मास इस प्रकार हुए, अस्थिग्राम में 1 और पृष्ठ चम्पा में 3, वैशाली और वाणिज्य ग्राम में 12, राजगृह और नालन्दा में 14, मिथिला नगरी में 6, भद्दिया नगरी में 2, आंलभिका और श्रावस्ती में 1, वज्रभूमि में 1 और पावापुरी में 1–इस प्रकार भगवान् महावीर ने कुल 42 चातुर्मास किए।

इतिहासकार भी यह स्वीकार करते हैं कि भगवान् महावीर का प्रभाव असामान्य रूप से तत्कालीन लोक जीवन पर पड़ा था। राजाओं ने भगवान् के चरणों में शीश ही नहीं झुकाया अपितु तन-मन-धन से स्वयं को समर्पित भी किया। राजाओं में प्रमुख हैं श्रेणिक, श्रेणिक बिम्बसार के नाम से इतिहास में प्रसिद्ध हैं। राजगृही को स्वयं बसाया था और राजधानी बनाया था केवल श्रेणिक ही नहीं पूरा का पूरा परिवार भगवान् महावीर से प्रभावित था। श्रेणिक के पुत्र वारिषेण, चिलात

और अभयकुमार तथा महादेवी चेलना भगवान् की भक्त थी और इन सबने भगवान् के पास यथासमय दीक्षा ली।

वैशाली गणतन्त्र के राजा चेटक जिनकी सात पुत्रियां और दस पुत्र थे, जैन धर्मानुयायी थे। यह बात जैन शास्त्र, बौद्ध ग्रन्थ एक स्वर से स्वीकारते हैं। राजा चेटक ने अपनी पुत्रियों के विवाह जैनधर्म अनुयायी राजाओं से ही किए। बड़ी पुत्री प्रियकारिणी (त्रिशला) का कुण्ड ग्राम के राजा सिद्धार्थ के साथ विवाह किया, प्रभावती–सिन्धु सौवीर के राजा–उदायन के लिए दी, सिप्रादेवी (मृगावती) वत्स नरेश शतानीक को दी गई। सुप्रभा (शिवादेवी) दशार्ण देश के हेमवच्छ के नरेश दशरथ को दी गई। राजा श्रेणिक उस समय बौद्ध धर्मावलम्बी थे, श्रेणिक के पुत्र अभय कुमार की योजना से चेलना का विवाह श्रेणिक से हुआ वह भगवान् महावीर के ही कालान्तर में अनुयायी बने। शेष दो पुत्रियां ज्येष्ठा और चन्दना दीक्षित हो गईं।

इन सब राजाओं के अतिरिक्त हेमांगद देश के राजपुर नगर के नरेश जीवन्धर कुमार जैन-धर्मानुयायी थे। भगवान् महावीर के कल्याणकारी उपदेश सुनकर उन्हें भोगों मे अरुचि हो गई। वे भगवान् के समीप मुनि बने। उनके साथ उनके भाई नन्दाढ्य, मधुर आदि ने भी दीक्षा ली। उस समय अनेक राजकुलों में जैनधर्म था। अंग, बंग, कलिंग, मगध, वत्स, काशी, कौशल, अवन्ती, शूरसेन, आच्छत्र, सुदूर सिन्धु सौवीर, चेर, पांड्य आदि देशों के राजा भगवान् के भक्त थे। वज्जि संघ, मल्ल संघ, यौधेय आदि गणतन्त्रों में भगवान् महावीर की मान्यता थी।

अतः निःसन्देह इस सिंहभूम, विरभूम के नामकरण का महत्व सराक शोध के लिए व्यापक महत्व रखता है। वर्षों तक इस क्षेत्र में विहार का ही प्रतिफल है कि हजारों वर्ष पश्चात भी संस्कारों का प्रवाह धूमिल नहीं हुआ है।

यों तो विश्व का कोई भी समाज जो सर्वदा सहज, सामान्य एवं समृद्ध रहे। समाज भी अन्ततः मनुष्यों का समूह होता है, विश्व में ऐसे अपवाद कम होते हैं जो कभी तनावग्रस्त न हों, कभी परिवर्तित न हों। सराक समाज भी इससे पृथक नहीं है। वह भी ऐसा समाज है जो आज संकटों, विपन्नता एवं परिवर्तन के चक्र में फंसा है। यह वही समाज है जिसका इतिहास में गौरव श्रद्धापूर्ण स्थान रहा है किन्तु दर्द यह है कि घात-प्रतिघातों से जितना आहत यह समाज हुआ है शायद ही कोई और हो। बार-बार सांस्कृतिक, सामाजिक, धार्मिक आक्रमणों ने इसकी कमर तोड़ी है, सांस्कृतिक एकात्मकता पर गर्व करने वाला यह समाज अपने ही क्षेत्र में टुकड़े-टुकड़े बंट कर रह गया है। जो बहक गये वे कुछ और बन गए जो नहीं बहके वे रह गये। आज के सामाजिक, सांस्कृतिक जीवन में इस अपर्याप्त

आत्मविश्लेषण और अपनी जड़ों से विच्छिन्न वर्तमान की गुंजलकों को समझना कठिन तो है पर असंभव जरा भी नहीं है।

वर्तमान के इस संस्कारी सराक समाज के पिछड़ेपन के लिए जब हम विदेशी दासता और दुर्भाग्य का उदाहरण देते हैं तो हम सच के कुछ टुकड़ों को सम्पूर्ण सत्य बनाने की दुश्चेष्टा का बौद्धिक खेल खेलते होते हैं इससे कुछ आगे बढ़कर हम इनके जीवन में निरन्तर विकराल होती समस्याओं पर बस विलाप ही करते रह जायेंगे।

जहां तक हमारी बात है हमने अपनी ऐतिहासिक विरासत के उन विस्मयकारी सूत्रों और तंतुओं को विस्मृति के गह्वर में डाल दिया है जो हमें न सिर्फ हमारी पहचान और अखण्डित एकता देते रहे बल्कि सारे सांस्कृतिक, धार्मिक आक्रमणों को झेलने की प्राण शक्ति भी। हमारा वर्तमान यदि जरा भी महावीर युग से नाता बनाये रखता तो आज सराक समाज इतना उपेक्षित न होता। पूज्य ज्ञानसागर जी महाराज ने सराक समाज की उस प्राणशक्ति को, उस सदियों पुरानी अंतर्लय को प्रत्यक्षतः पुनर्व्याख्यायित किया और गंभीर आशयों वाली वह मनोभूमि तैयार की जहां कोई हीन ग्रन्थि नहीं है बल्कि सबमें समानता और एकता की विवेकपूर्ण स्थिति बिनी है। सहस्राब्दियों, शताब्दियों के ये श्रेष्ठ मानव संस्कार मूल्यहीन होकर यों बिखर न जाते।

हमें गम्भीरता से सोचना होगा कि सराकों के इन बच्चों को हम कैसे समर्थ बनायें, ऐसे शिशुओं की शिक्षा का दायित्व किस प्रकार लें, महिलाओं का आर्थिक विकास कैसे हो ? उनके जीवन स्तर में सुधार कैसे हो ?

आश्चर्य की बात यह भी है जो लोकतन्त्र आज पिछड़े हुओं का समर्थक बनता है, उसकी भी दृष्टि इन पर नहीं जाती। इन्हें न सामाजिक न्याय मिल रहा है, न ही राजनैतिक। यदि इस स्थिति में शीघ्र सुधार न हुआ तो भारत का जैन समाज अपनी संस्कृति के और शक्ति के समीकरणों की महत्ता को अक्षुण्ण न रख पाएगा। बिहार, बंगाल और उड़ीसा का खण्डहर होता कला वैभव दूर-दूर तक मिट्टी में मिलते हुए अनेक कलापूर्ण मन्दिरों और प्रतिमाओं के ध्वंस अवशेष कौन चुन-चुन कर मस्तक पर लगाकर भविष्य में सुरक्षा की जिम्मेदारी लेगा ?

हमें सम्पूर्ण शक्ति सराकों की चेतना को विकसित कर उनके संजोए गौरव को सुव्यवस्थित करने में लगानी है।

सराकों के कुलदेवता भगवान् पार्श्वनाथ का लोकव्यापी प्रभाव

भगवान् पार्श्वनाथ को सिंहभूम या विरभूम के सराक ही नहीं अपितु समस्त सराक क्षेत्र के बन्धु अपना कुलदेवता मानते हैं। उनका व्यक्तित्व अत्यन्त प्रभावक था। उनकी साधना महान् थी। उनके लोकव्यापी प्रभाव का मूल कारण था कि उन्होंने सर्वाधिक स्थानों पर विहार किया। भगवान् पार्श्वनाथ का विहार जिन देशों में हुआ था, उन देशों में अंग, बंग, कलिंग, मगध, काशी, कौशल, अवन्ति, कुरू, पौण्ड्र, मालव, पांचाल, विदर्भ, दशार्य, सौराष्ट्र, कर्नाटक, कोकण, लाट, कच्छ, कश्मीर, सोण, पल्लव और आमीर देश थे। ऐसे भी प्रमाण मिलते हैं कि वे तिब्बत मे पधारे थे। भगवान् ने जिन देशों में विहार किया था, वहां सर्वसाधारण पर उनका व्यापक प्रभाव पड़ा और वे उनके भक्त बन गये।

सर्वसाधारण के राजनय वर्ग पर भी भगवान् पार्श्वनाथ का व्यापक प्रभाव था ऐसे साहित्यिक साक्ष्य और पुरातात्विक प्रमाण उपलब्ध होते हैं, जिनसे ज्ञात होता है कि गजपुर नरेश स्वयंभू ने भगवान् के समीप प्रव्रज्या ग्रहण की, अहिच्छत्र के गंगवंशी नरेश प्रियबन्धु ने भगवान् के दर्शन किये और उनका अनुयायी बना। उस समय के व्रात्य क्षत्रिय राजा भगवान् पार्श्वनाथ के उपासक थे। जब भगवान् शौरीपुर पधारे तो वहां का राजा प्रभंजन उनका भक्त बना गया।

वाराणसी नरेश अश्वसेन और महारानी वागादेवी ने भगवान् के निकट दीक्षा ग्रहण की थी। वज्जि संघ के लिच्छवी आदि आठ कुल उनके भक्त थे। उस संघ के गणपति चेटक, क्षत्रिय कुण्ड के गणपति भगवान् महावीर के पिता सिद्धार्थ भी, पार्श्वनाथ सम्प्रदाय के उपासक थे पांचाल नरेश दुर्मुख, विदर्भ नरेश भीम और गांधार नरेश नागजित श्री पार्श्वनाथ के समकालीन थे और श्री पार्श्वनाथ के भक्त थे। श्री पार्श्वनाथ के तीर्थ में उत्पन्न कलिंग नरेश करकण्डु पार्श्वनाथ के अनुयायी थे और उन्होंने तेर (जिला–उस्मानाबाद) में चरण स्थापित किए और श्री पार्श्वनाथ भगवान् की मूर्तियों की स्थापना की।

इस प्रकार अनेक नरेश श्री पार्श्वनाथ के काल में भी तथा उनके पश्चात्काल में श्री पार्श्वनाथ को अपना इष्ट मानते थे। सर्वसाधारण पर भी भगवान् का कितना प्रभाव था यह आज भी बंगाल, बिहार, उड़ीसा में फैले लाखों सराकों, मेदिनीपुर जिले

के सद्‌गोपों, उड़िया के रंगिया जाति के लोगों, अलक बाबा आदि के जीवन व्यवहार को देखने से पता चलता है। यद्यपि भगवान् पार्श्वनाथ को लगभग तीन हजार वर्ष व्यतीत हो चुके हैं लेकिन फिर भी उनकी भक्ति का प्रकाश ये लोग आज तक अपने हृदय में संजोकर रखे हैं। इन जातियों के अतिरिक्त श्री सम्मेदशिखर के निकट रहने वाली भील जाति भी श्री पार्श्वनाथ की अनन्य भक्त है। इस जाति के लोग मकर संक्रान्ति के दिन श्री सम्मेदशिखर के सभी टोंकों की वन्दना करते हैं और श्री पार्श्वनाथ की टोंक पर एकत्रित होकर उत्सव मनाते हैं तथा गीत, नृत्य करते हैं। भगवान् पार्श्वनाथ की निर्वाण भूमि भी बिहार क्षेत्र में ही है। तीर्थराज सम्मेदशिखर जी आज पारसनाथ हिल के नाम से ही विख्यात है।

वीर की विरभूमि

सर्वविदित है भगवान् महावीर के पांच नाम प्रसिद्ध हैं—वीर, महावीर, अतिवीर, सन्मति एवं वर्द्धमान। वर्तमान विरभूम भगवान् महावीर के विहार क्षेत्र के अन्तर्गत रहा ही। इसमें सन्देह नहीं कि उन्हीं के जग व्यापी धर्म एवं प्रभाव को देखा यह क्षेत्र विरभूम घोषित कर दिया गया हो, खैर इतिहास कुछ भी कहे पर वर्तमान का सम्पूर्ण परिदृश्य एक स्वर से उनके सिद्धान्तों में आस्था का जयघोष कर रहा है।

विरभूम वर्तमान सर्वेक्षण से मात्र 3 ग्रामों को समाहित किए हुए है। वे हैं :

(1) भागाबांध
(2) बोलिहारपुर
(3) खड़गना।

400 के लगभग सराकों की यह विरभूम भगवान् महावीर एवं जैनत्व के आदर्शानुरूप ही है।

भागाबांध में सराकों के 8 घर, बोलिहारपुर में 14 तथा खड़गना में 12 घर हैं। तीनों ही ग्राम विकसित हैं। शिक्षा का प्रबन्ध है तथा पुराने लोग जहां कृषि को मुख्य व्यवसाय एवं आजीविका का साधन बनाये हुए हैं वहीं आधुनिक शिक्षित युवा शासकीय सेवाओं के लिए लालायित हैं। इस क्षेत्र में सर्वेक्षकों ने जिन आश्चर्यकारी तथ्यों को पाया वह मुख्यतया यह हैं कि विरभूम से कई सौ किलोमीटर दूर स्थित दुमका जिले की सामाजिक परम्पराओं में एवं विरभूम की सामाजिक परम्पराओं में आश्चर्यजनक विशेषताएं हैं। इनके खानपान पूर्णतया शुद्ध हैं, शाकाहारी हैं, पानी छानकर पीते हैं, रात्रि भोजन के त्यागी हैं। अहिंसक हैं। लम्बे अन्तराल तक संस्कृति की इस सुरक्षा का निश्चयतः आधार गहरे तक रमे हुए संस्कार ही हैं, इनके गोत्र आदिदेव हैं। लगभग 60 प्रतिशत शिक्षित समाज है। रांची जिले में स्थित 47 ग्राम सराकों के हैं। सर्वेक्षकों की टीम का यह भी कहना है कि विरभूम के सराक देखने में संभ्रान्त, वार्तालाप में सभ्य एवं मिलनसार, अतिथिप्रिय हैं। इनसे तनिक भी जैनत्व की वार्ता की जाये तो प्रसन्नतापूर्वक सुनते हैं और पश्चाताप करते हैं कि हमारे पूर्वजों ने अपनी सांस्कृतिक धरोहर को नष्ट-भ्रष्ट क्यों होने दिया, समाज के प्रति तनिक-सा विक्षोभ है कि समाज में संतुलन रहना चाहिए,

हम पूर्णतया जैन हैं, हमें समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जाना चाहिए। वीर-सी विरभूम अपलक देख रही है कब पुनः वीर आकर इस बंजर धरा को अपने अमृताशीष से लहलहा देंगे, कब पुनः उनका विहार इस भूमि का भाग्योदय करेगा। इस भूमि को आवश्यकता है वीर की. वीर के पथानुगामियों की।

जब पूज्य ज्ञानसागरजी महाराज के आगमन का समाचार इस क्षेत्र में गूंजा, सर्वेक्षकों द्वारा ज्ञात हुआ कि पुनः कोई दिगम्बर साधु इस धरा को पवित्र करने पधारे हैं तो उनके हर्ष का पारावार न था। सर्वेक्षकों का अभूतपूर्व स्वागत करते हुए कह रहे थे हमारे क्षेत्र में ही सर्वप्रथम उनके चरण आने चाहिएं। यहां के युवाओं में अन्तरंग से धर्म के प्रति समर्पण है, गुरु भक्ति है, जैनधर्म की क्रियाओं को विस्तार से जानने की अभिलाषा है।

विरभूम जिला पहले वर्तमान वर्द्धमान प्रदेश का ही एक भाग था। इसी के भाग को वज्रभूम कहा जाता था। इस स्थान का नाम भी भगवान् के नाम पर उनके विहार क्षेत्र के नाम पर विरभूम पड़ गया। इस जिले के सराकों के नाम के अन्त में हद्द, रक्षित, दत्त, प्रामाणिक, सिंह, दास आदि उपाधियां लगती हैं तथा इनके गोत्र गौतम ऋषि, अन्ध्र ऋषि, अनन्त ऋषि, काश्यप और आदिदेव हैं।

जातीय स्थान की अपेक्षा इनके चार थोक या पाट हैं।

(1) पाच कोटिया–मानभूम के पांचेत राज्य के निवासी।

(2) नदी पारिया–वे सराक जो मानभूम में दामोदर नदी के दाहिने तट पर रहते हैं। विरभूमया–विरभूम के रहने वाले सराक (3) तमारिया–जो रांची के तमाड़ परगना के निवासी हैं। इसके अतिरिक्त सारकी तांती या तांती सराक भी हैं। यह जाति बुनने का काम करती है और जिला बांकुड़ा के विष्णुपुर भाग में रहती है। इनमे भी चार भाग हैं–अश्विनी, तांती, पात्रा, उत्तरकुली और मन्दरानी। संथाल परगने में इनको फूलसारकी, सिखरिया, कन्दल और सारकी तांती कहते हैं।

सिंहभूम

सिंहभूम—भगवान् महावीर का चिह्न है सिंह—सिंह ही वह पर्याय थी जिसमें भगवान् महावीर का महावीर बनने का क्रम प्रारम्भ हुआ। इस सिंहभूम में भगवान् महावीर का विहार हुआ और सुखद संयोग है कि पूज्य ज्ञानसागर जी का प्रवास भी अधिकांश इसी सिंहभूम में रहा। क्षेत्र का भी अपना प्रभाव होता है, पर्यावरण का भी अपना असर होता है। सिंहभूम के 6 ग्रामों में धार्मिक शिविर भी लगे, धर्मप्रभावना भी हुई, अनेकानेक धार्मिक कार्यक्रम भी हुए। मन्दिरों की व्यवस्था में सुधार हुआ, घर-घर में तीर्थकरों के चित्र लगे, प्रतिमाओं की स्थापना हुई, आबाल-वृद्ध, महिला-पुरुष सभी ने धर्म का प्रारम्भिक ज्ञान प्राप्त किया। विधिवत् परीक्षाओं में भले ही कुछ कम विद्यार्थी रहे हों किन्तु प्रारम्भिक ज्ञान तो शत-प्रतिशत को ही हो गया था। साधु चर्या को सर्वथा विस्मृत सराक बन्धु अब पूर्वजनित संस्कारों से तत्काल पूर्णतया जान गए। अब वे चौका लगाते, आहार देते, नियम-संयम का पालन करते। प्रवास के मध्य तो सिंहभूम ज्ञानभूमि बनी रही। इस क्षेत्र के विषय में 'आन दी एनशियेण्ट कापर माइनर्स ऑफ सिंहभूम—1896' में लिखा है :

"छोटा नागपुर की तलहटी से तांबे की खानयुक्त पहाड़ियों का पर्यवेक्षण करते-करते मैं जितना ही पूर्व की ओर अग्रसर होता गया, उतना ही देखता गया कि जहां भी खानें थीं, उन सबसे ही तांबे का निष्कासन कार्य पूरा हो चुका था, पहाड़ों के ऊपर अधिपत्यकाओं में, अरण्य में, यहां तक कि जो धूल-धक्कड़ एवं गर्दिश के नीचे दब चुकी थी, उससे भी तांबा निकल चुका था, यह देखकर मेरे मन में कौतूहल एवं प्रश्न जागृत हुआ कि वे लोग कौन थे जिन्होंने इन खानों से इतनी निपुणतापूर्वक तांबा निकाला ? इस विषय में जिनका नाम लिया गया वे थे सराक।"

सुखद संयोग है यह भी कि संसार में तांबा ही एक ऐसी वस्तु है जिसे लम्बे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है। सिंहभूम का सर्वाधिक सराक बहुल क्षेत्र है नवाडीह जिसमें परिवारों की संख्या 104 और जनसंख्या 603 है। पूज्य उपाध्याय श्री जी ने नवाडीह देवलटांड़, आगसिया, सिंहभूम क्षेत्र को अपने विहार से पवित्र किया।

जिला सिंहभूम के निम्न ग्राम हैं :

1. खरसवां 2. आगसिया 3. रुगड़ी 4. नवाडीह 5. देवलटांड़ 6. चिपड़ी।

1000 से भी अधिक सराक बन्धु के 325 के लगभग घर हैं। इनके गोत्र मुख्यतः आदिदेव, वत्सराज, गौतम, शाण्डिल्य हैं। सराक अपने नाम के साथ मांझी लगाते हैं। इसी क्षेत्र में अधिक धार्मिक शिक्षण शिविर लगे हैं। यहां के युवाओं का उत्साह, वृद्धों की श्रद्धा, महिलाओं की भक्ति अद्भुत है। सैकड़ों वर्षों बाद किसी गुरु को देखते ही इनका हर्ष और उल्लास सहज ही इनके पूर्व संस्कारों को स्मरण करा जाता था।

सर्वेक्षकों के एक दल ने जब सिंहभूम सराक क्षेत्र का भ्रमण किया तो देखा कि इस क्षेत्र के सराक बन्धु सच्चे श्रावक हैं, अहिंसक हैं, जल छानकर पीते हैं, रात्रि भोजन नहीं करते हैं, जहां मन्दिर हैं वहां मन्दिर से भी जुड़े हैं, पूर्णतया शाकाहारी हैं, वेशभूषा से आदिवासी हैं। इन्हें आदिवासी कहना इस अर्थ में भी समीचीन है कि जैनधर्म की परम्परा का निर्वहन करने वाले वे ही इस क्षेत्र के प्रथम निवासी थे। इनके पूर्वजों का अवश्यमेव इस क्षेत्र में प्रभुत्व रहा होगा, राज्य रहा होगा अथवा राज्य तक परिचय रहा होगा तभी कोई क्षेत्र किसी नाम विशेष का द्योतक बनता है। पूज्य उपाध्याय श्री के स्वागतार्थ इनका हर्ष, उल्लास देखते ही बनता था। साधु भक्ति इनके अणु-अणु में है। यहां के युवक सम्पूर्ण प्रवास काल में तो चरणों में रहे ही अब भी पूज्य श्री के ही सान्निध्य में रहकर धर्म लाभ लेते रहते हैं। नवाडीह, देवलटांड़ (सिंहभूम) आदि में श्रावकों में गृहास्थाचार्य भी पाये जाते हैं। ये लोग यज्ञोपवीत धारण करते हैं, श्री पार्श्वनाथ भगवान् की प्रतिमा (प्रायः धातु की) रखते हैं और उसका अभिषेक भी करते हैं। अन्य सराक यज्ञोपवीत धारण नहीं करते। ये मांझी, महामात्र, पात्र, हत, सान्तरा, वर्धन, महात्र, अहिवुधि, सामग्री, देवता, प्रामाणिक, आचार्य, वेहेरा, दास, साधु पुष्टि, महात, मोहता, मण्डल, वैशाख, राउत, नायक, निशक्त, मौधुरी, मुदी, सेनापति, उच्च, नाहक आदि भिन्न-भिन्न संज्ञाधारी हैं। सिंहभूम के विषय में मेजर टिकल जर्नल एशियाटिक सोसाइटी 1840 पृ. 699 में लिखा था कि "सिंहभूम सराकों के हाथों में था जो करीब-करीब नहीं रहे, परन्तु तब वे बहुत थे। उनका असली देश शिखर भूम और पांचेत कहा जाता है। सराकों को सताकर कोलेहान से निकाला गया।"

कोलेहान में बहुत से प्राचीन सरोवर हैं जिन्हें 'हो' जाति के लोग सरावक सरोवर कहते हैं। इन्हीं सराकों ने सिंहभूम जिले की तांबे की खानों का पता लगाया था और उनका विकास किया था।

श्री दिगम्बर सराक जैनमन्दिर नवाडीह

श्री दिगम्बर जैन सराक नवाडीह में पूज्य उपाध्याय श्री ज्ञानसागर जी की प्रेरणा से धार्मिक शिक्षण शिविर के फलस्वरूप स्वाध्याय के प्रति भी जनमानस की भावना जागृत हुई, इस क्षेत्र में स्वाध्याय हेतु पुस्तकें भी उपलब्ध कराके जिनवाणी का भण्डार संग्रह किया गया। 29.4.93 को नवाडीह के जैनमन्दिर में श्री सुखमाल जी की साक्षी में छहढाला, पूजनपाठ प्रदीप, रत्नकरण्ड श्रावकाचार, बोधप्रद काव्य, छत्र चूड़ामणि, द्रव्यसंग्रह, पुरुषार्थ सिद्धयुपाय, पद्मपुराण, पाण्डवपुराण, रयणसार, सुदर्शनचरित्र, धन्यकुमारचरित्र, मदन पराजय, भावसंग्रह, यशस्तिलक चम्पू तथा अनेक जैन पत्र-पत्रिकाएं यथा-तीर्थंकर, सन्मतिवाणी, जैन महिलादर्श, अहिंसा वाणी, जैन जगत, जैन प्रचारक आदि की प्रतियां उपलब्ध कराई गईं।

यहां पर साहू श्री शान्तिप्रसाद जी के द्वारा एक नवमंदिर का निर्माण हुआ था। जिसकी वेदी प्रतिष्ठा सन् 1964 में हुई थी, उस समय एक अखिल भारत वर्षीय दि. जैन सराक सम्मेलन रखा गया था, जिसमें सम्पूर्ण भारत के श्रेष्ठीवर्ग पहुचे थे, क्षु. श्री मनोहरलाल जी वर्णी भी थे, उसी समय से रांची वालों की सहायता से यहां प्रत्येक वर्ष रथयात्रा निकलती थी जो अब कुछ वर्षों से नहीं निकलती है।

आगसिया दि. जैन मन्दिर हेतु भी श्री सृष्टिधर मांझी को सुदर्शनचरित्र, पद्मपुराण, छत्रचूड़ामणि, सागारधर्मामृत, पूजन पाठ संग्रह तथा अनेक पत्र-पत्रिकाएं यथा, मानवधर्म, जैन जगत, दर्शनकथा, शिशुधर्म, जैनधर्म शिक्षावली, आत्मोदय, स्वानुभव, महासमिति-पत्रिका, अहिंसा वाणी, भक्तामरस्तोत्र आदि उपलब्ध कराये गए। यहां पर ब्र. कृपाराम जी थे जो सप्तम प्रतिमा का पालन करते थे जिनकी प्रेरणा से रूगड़ी बाजार की बलि प्रथा बंद हुई थी।

श्री दि. जैन सराक मन्दिर चैत्यालय में भी 28-5-93 को श्री भीमदेव मांझी को मन्दिर हेतु मुक्ति पथ की ओर, चरित्र निर्माण, नैतिक शिक्षावली, रत्नकरण्डश्रावकाचार, परमेष्ठी अर्चना, समाधिशतक, सम्यक्त्वकौमुदी, पुरुषार्थ सिद्धयुपाय, श्री राजगिरी सिद्धक्षेत्र पूजन, मदनपराजय, छत्रचूड़ामणि, सुदर्शनचरित्र, प्रश्नोत्तर श्रावकाचार, पाण्डवपुराण, धन्यकुमारचरित्र प्रदान किए गए।

श्री दिगम्बर जैन श्रावक मन्दिर देवलटांड़ 28-4-93, 24-5-93 एवं 8-6-93 को श्री मदन मोहन श्रावक को निम्न पुस्तकें उपलब्ध कराई गईं—आत्मबोध, देव-

शास्त्र-गुरुवाणी, (पूजा संग्रह) भक्ति संग्रह, रत्नावली, जैनधर्म, रेशन्दी गिरि, अरिहन्त, विद्यासागर, मंगल पुष्प, संगम धारा, शाकाहार ही क्यों ? वर्णी प्रवचन, सहज सुख साधन, अण्डे के बारे में सौ तथ्य, नैतिक शिक्षावली, शाकाहार या मांसाहार, भावसंग्रह, यशस्तिलक चम्पू, पाण्डव पुराण। देवलटांड़ का मंदिर इस क्षेत्र का सबसे प्राचीन मंदिर है, मूर्तियां भी अत्यधिक प्राचीन हैं। उसकी गुम्बज हजारों वर्ष पुरानी प्रतीत होती है, जो अपने अन्य गुम्बजों की अपेक्षा विशेषता को लिए हुए है। उस गांव का नाम देवों का प्रमुख स्थान होने से देवलटांड़ पड़ा ऐसी जनप्रसिद्धि है।

सिंहभूमि के सराक घरों में भगवान् महावीर और आचार्यो के चित्रों का वितरण कराया गया, चित्रों का मानसिकता पर अनुकूल प्रभाव पड़ता ही है चित्त की एकाग्रता हेतु वीतरागी मुद्रा का दर्शन परमाश्यक है। पूज्य उपाध्याय श्री जी के प्रवास काल में 5-5-93 को खरसवां ग्राम में 12 सराक बन्धुओं के घरों में भगवान् महावीर, आ. श्री सुमतिसागर जी, श्री सम्मेदशिखर जी के कैलेण्डर वितरित कराये गए।

नवाडीह में 109 सराक बन्धुओं के घरों में भगवान् पार्श्वनाथ, आ. विमल सागर जी एवं उपाध्याय श्री भरतसागर जी महाराज के चित्र वितरित किए गए।

देवलटांड़ में भी 30-5-93 को 36 सराक परिवारों में भगवान् महावीर, आ. सुमतिसागर जी महाराज तथा भगवान् पार्श्वनाथ के कैलेण्डर वितरित किए गए।

चिपड़ी में 25-5-93 को 22 सराक बन्धुओं को भगवान् पार्श्वनाथ, भगवान् महावीर एवं आ. सुमतिसागर जी महाराज के कैलेण्डर वितरित किए गए।

आज पूरी सिंहभूम के घर-घर में भगवानों एवं दिगम्बर साधुओं के चित्र हैं, धर्म पुस्तकें हैं। साधु चर्या का ज्ञान इन्हें हो चुका है।

धार्मिक शिक्षण शिविर

नवाडीह, देवलटांड़, चिपड़ी में 12-3-93 से 21-3-93 तथा आगसिया में 21-3-93 से 29-3-93 तक धार्मिक शिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। नवाडीह में अध्यापक थे श्री निखलेश मांझी एवं शरद अधिकारी, देवलटांड़ में जितेन्द्रनाथ मांझी व विजय कुमार मांझी, चिपड़ी में हेमन्त मांझी, रतन मांझी, आगसिया में सत्येन्द्रनाथ मांझी, निखलेश मांझी। इन क्षेत्रों में इस प्रकार के ये प्रथम शिविर थे। बालशिक्षा प्रथम भाग का ही अध्ययन कराया गया लेकिन विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। बालक-बालिकाएं जिनकी उम्र 9 वर्ष से 15 वर्ष थी, इस शिविर में प्रशिक्षित किए गए—नवाडीह में सैकड़ों विद्यार्थियों ने शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त किया,

विधिवत् परीक्षा देकर लगभग 70 विद्यार्थियों ने प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्राप्त किए। उल्लेखनीय है कोई भी विद्यार्थी इन शिविरों में असफल नहीं रहे। देवलटांड़ में 58 बालक-बालिकाओं ने प्रथम भाग की परीक्षा दी तथा चिपड़ी में 24 बालक-बालिकाओं ने। ज्ञातव्य है चिपड़ी में कुल 22 घर ही सराकों के हैं।

आगसिया में सराकों के 30 घर हैं। 51 बालक-बालिकाओं ने 21-3-93 से 29-3-93 तक विधिवत् प्रशिक्षण प्राप्त किया। यहां छोटे-छोटे बालक-बालिकाओं का उत्साह देखते ही बनता था। संजीव मांझी, प्रदीप मांझी जैसे 6-7 वर्ष के बच्चे कण्ठस्थ करके णमोकार मंत्र का सस्वर पाठ करते थे।

विरभूम

(1) ग्राम – भागाबांध
पत्रालय – बोलिहारपुर
थाना – मुम्मद बाजार
जिला – विरभूम

स्थिति–मुख्य पथ जामताड़ा से सिवड़ी वाली सड़क से 26 किमी. दूर पूर्व दिशा में स्थित है, यातायात का साधन अच्छा है।

सराक घर – 8
कुल जनसंख्या – 150
मुख्य व्यवसाय – कृषि
मुख्य व्यक्तियों के नाम–श्री नरहरिमंडल, श्री तारा पदो, श्री शांति पदो मंडल, श्री अजित मंडल, श्री सपन मंडल।
शिक्षित व्यक्ति – 60 प्रतिशत शिक्षा के साधन सुलभ हैं।

(2) ग्राम – बोलिहारपुर
पत्रालय – बोलिहारपुर भाया मुम्मद बाजार
थाना – मुम्मद बाजार
जिला – विरभूम

मुख्यपथ (बिहार, बंगाल) जामताड़ा से सिवड़ी पथ में सिवड़ी बस्ती से 25 किमी. की दूरी पर पूर्व की ओर बसा हुआ है।

यातायात के साधन उपलब्ध हैं। मुख्य पथ से मिला हुआ है।

सराक घरों की संख्या – 14
कुल जनसंख्या – 100
मुख्य व्यवसाय – कृषि

मुख्य व्यक्ति–श्री अरविन्द सिन्हा, श्री निभाई मंडल एवं श्री गुरूपदो मंडल हैं।

शिक्षित लोगों का प्रतिशत 60 है। इनमें से कुछ लोग स्नातक एवं स्नातकोत्तर भी हैं। शिक्षा की सुविधा अच्छी है। सभी के गोत्र आदिदेव हैं, गांव में मिडिल स्कूल भी है।

सर्वेक्षण रिपोर्ट सिंहभूम

(1) ग्राम — खरसवां
पत्रालय — खरसवां
थाना — खरसवां
जिला — सिंहभूम
श्रावकों के घर — 9
जनसंख्या — 43
मुख्य व्यक्ति — श्री गोवर्द्धन मांझी

खरसवां टाटा नगर से 65 किमी. दूर चक्रधरपुर रोड पर स्थित है।

(2) ग्राम का नाम — आगसिया
पत्रालय — देवलटांड़
थाना — ईचागढ़
जिला — सिंहभूम
सराकों के घरा — 30
कुल जनसंख्या — 150

मुख्य व्यक्ति—श्री सूरजमल मांझी, श्री राजेन्द्र मांझी, श्री वशिष्ट मांझी, श्री देवेन्द्र मांझी एवं श्री प्रद्युम्न मांझी।

गोत्र — वत्सराज, आदिदेव

इस ग्राम में एक जैन मन्दिर भी है। यह टाटानगर से 65 किमी. दूर रांगामाटी से 7 किमी. उत्तर में स्थित है।

(3) ग्राम का नाम — रूगड़ी
पत्रालय — देवलटांड़
थाना — ईचागढ़
जिला — सिंहभूम
गोत्र — धर्मदेव, आदिदेव
श्रावकों के घर — 35
कुल जनसंख्या — 223

मुख्य व्यक्ति—श्री राजेन्द्रनाथ मांझी, श्री कमलकान्त मांझी, श्री अभिराम झी एवं श्री गोविन्द मांझी।

स्थिति—टाटानगर से 65 किमी. पश्चिमी राज्य पर स्थित रांगामाटी से 6 किमी. उत्तर में स्थित है।

(4) ग्राम का नाम	—	नवाडीह
पत्रालय	—	देवलटांड़
थाना	—	ईचागढ़
जिला	—	सिंहभूम
श्रावकों के घर	—	104
जनसंख्या	—	603

मुख्य व्यक्ति—श्री दयालचन्द जैन, श्री जितेन्द्र जैन, श्री मोहन मांझी।

गोत्र — आदिदेव, धर्मदेव, वत्सराज, गौतम, शांडिल्य

यहां एक जैन मन्दिर है। सराक बन्धुओं में अत्यधिक धार्मिक अभिरुचि है। यहां पहले प्रतिवर्ष रथयात्रा निकलती थी, शिक्षण शिविर लग चुका है।

(5) ग्राम	—	देवलटांड़
पत्रालय	—	देवलटांड़
थाना	--	ईचागढ़
जिला	—	सिंहभूम
सराक घर	—	32
कुल जनसंख्या	—	185

मुख्य व्यक्ति—श्री मदनमोहन मांझी, श्री अभिमन्यु मांझी एवं श्री वशिष्ठ मांझी।

(6) ग्राम	—	चिपड़ी
पत्रालय	—	चिपड़ी
थाना	—	ईचागढ़
जिला	—	सिंहभूम
सराक घर	—	22
कुल जनसंख्या	—	101

मुख्य व्यक्ति—श्री भीष्मदेव मांझी, श्री राजेन्द्रनाथ मांझी।

यहां धार्मिक शिक्षण शिविर लग चुका है। यहां के सराक बन्धुओं में पूर्ण धार्मिक रुचि है। घर में चैत्यालय है।

श्री विश्वेश्वर मांझी, श्री रवीन्द्रनाथ मांझी, श्री धीरेन्द्रनाथ मांझी, श्री हरिकृष्ण मांझी, श्री अश्विनी मांझी आदि सराक युवाओं ने पूज्य उपाध्याय श्री ज्ञानसागर जी की प्रेरणा से इस क्षेत्र का सूक्ष्म सर्वेक्षण किया। इन युवकों को यह देखकर सुखद

आश्चर्य था कि इनके संस्कार पूर्णतया धार्मिक हैं, जब यहां धार्मिक शिक्षण शिविर लगाया गया तो पृथक्-पृथक् प्रायः सभी ग्रामवासी उपस्थित रहते थे भले ही जिनको लिखना नहीं आता था ऐसे प्रौढ़ परीक्षा नहीं दे सके पर समस्त पाठ्यक्रम विधिवत् स्मरण कर सुनाते रहे। बालक-बालिकाएं, युवक-युवतियां, महिला, पुरुष सभी में धार्मिक जागृति थी। किसी दिगम्बर साधु के दर्शन के उतावले थे, जिस किसी प्रकार अपने क्षेत्र में लाना चाहते थे, सर्वाधिक इस क्षेत्र के युवा पूरे सराक प्रवास में दिन-रात उपाध्याय श्री जी के साथ रहे। क्षेत्रवासियों का यह भी पुण्य ही है एक तो यहां पूर्व से मन्दिर हैं ही जहां नहीं थे वहां पूज्य उपाध्याय श्री जी की प्रेरणा से कुछ ग्रामों में प्रतिमाएं स्थापित हुईं। धार्मिक पर्वों को आयोजित करने का अत्यन्त उत्साह रहा, घर-घर में पहली बार दिगम्बर साधु और तीर्थंकरों के चित्र लगे। मन्दिरों में शास्त्र-स्वाध्याय प्रारम्भ हुआ। भाग्योदय में सिंहभूम प्रथम रहा, रहता भी क्यों न ? आखिर भगवान् महावीर की भूमि जो है।

बदलाव की आहट

सिंहभूम के प्रायः प्रत्येक ग्राम में शिक्षण शिविर आयोजित किए गए इन धर्म शिविरों एवं कक्षाओं की उपादेयता एवं सार्थकता यह है कि बालिकाएं जो छोटे भाई-बहनों को ही गोद में लिए या फिर चौका-बर्तन कर घरों की लीपा-पोती करती हुई दृष्टिगत होती थीं। वे बालिकाएं विकास का प्रतीक बन गई हैं। श्री सुरेन्द्रनाथ मांझी की शैव्या और वासुदेव मांझी की बावी कुमारी जब क्रमशः 75 प्रतिशत, 92 प्रतिशत नम्बर लेती हैं तो सहसा ही आश्चर्य से सबकी दृष्टि में विशेष बन जाती हैं। ग्राम के वृक्ष तले धर्म की वर्णमाला सिखाये जाने के अन्तर्गत चलाये जाने वाले ये विशेष धार्मिक शिक्षण शिविरों में रुचिपूर्वक एवं नियमित रूप से उपस्थित रहकर बालक-बालिकाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला और आज वह गर्व से अपनी स्लेट पर अपनी आवाज लिख-लिखकर दिखाते हैं, आज उनके बड़े जान गए हैं कि ये आपके संकेतों और इशारों पर ही चलकर जीवनयापन नहीं करने आए हैं अपितु एक मस्तिष्क भी साथ लेकर आए हैं वह मस्तिष्क जिसकी सजगता की आज आवश्यकता है और जिसके बलबूते पर ही ज्ञान प्राप्त कर अतीत से चले आ रहे संस्कारों को ग्रहण कर स्थायित्व दिया जा सकेगा।

गांव की ये छोटी-छोटी बालिकाएं फटे थैले में ही सही दो किताब लेकर घूमती हैं। सराक जागरण एवं नैतिक दायित्वों के बोध हेतु एक प्रभावशाली मार्गदर्शक की भूमिका निभा रही हैं। देवलटांड़ में भी श्री गोविन्द मांझी की सची रानी परीक्षा में श्री मदन मांझी के प्रथम रहने वाले पुत्र संजय मांझी से पीछे नहीं है, दोनों के ही अंक 95 प्रतिशत हैं। इन शिविरों के माध्यम से बालिकाएं ही नहीं, युवतियां भी घरों से बाहर निकलती रहीं। इस तरह कल तक केवल दो और दो जानने वाली सुनीता, भारती आदि आज सबके लिए गर्व का विषय हैं। सर्वेक्षकों ने समीपता से जब यहां की इस नवीन पीढ़ी से सम्पर्क स्थापित किया तो उन्होंने माना कि सराकों में पुनर्जागरण का अद्भुत कार्य एवं धार्मिक क्रान्ति का बिरवा उपाध्याय श्री ज्ञानसागर जी महाराज ने ही रोपा है, वे ही इसे पल्लवित एवं पुष्पित करेंगे। पुरानी जड़ता के पत्ते अब झर रहे हैं और उनका स्थान अब नव जागरूक हरे पत्तों ने लेना शुरू कर दिया है। आज वहां युवापीढ़ी में आगे बढ़ने की ललक है। वे समाज और धर्म के लिए समर्पित हैं पर अर्थाधार भी उन्हें हमें देना होगा,

अब प्रश्न इस बात का नहीं है कि प्रगति की संभावना नहीं है, अब तो विकास के प्रश्न पर सोचना है, बहुत कार्य करना है, सम्पूर्ण स्थिति के बारे में इससे ज्यादा सच कुछ नहीं है कि हम सबको मिलकर एक कोशिश करनी होगी। कोशिश जो संस्कारों को सुदृढ़ करें, समाज को प्रगतिशील बनायें।

समस्याएं अनेक हैं समाधान कम, पूज्य उपाध्याय श्री द्वारा परिवर्तन की किरण पहुंचाने का सफल सार्थक प्रयास प्रारम्भ किया गया है जो भी उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं, उन्हें स्थायी बनाया जा सकता है वरन् इनका विस्तार भी किया जा सकता है। स्वैच्छिक सामाजिक संस्थाओं को भी आगे बढ़ना चाहिए।

आज सराक क्षेत्र की अस्मिता की रक्षा के लिए हमें अपना आत्मगौरव एवं संस्कृति-प्रेम जागृत करना होगा, अपनी पौराणिकता के इन जीवन्त साक्ष्यों को सुरक्षित रखना होगा, अनादिकाल से हमारी जो सेवा की, त्याग की, दान की परम्परा रही है उसको जीवन्त बना आधुनिकतम माध्यमों के अनुरूप समस्वरता प्रदान करनी होगी, दौड़ में विजयी होने के लिए ही नहीं बल्कि टिकने के लिए भी साहस और धैर्य की जरूरत है इसके अभाव में सराकोत्थान का अभियान सफल नहीं हो सकता, आज हमारे सामने यही अहम् प्रश्न होना चाहिए इसे सफल बनाने के लिए सम्पूर्ण जैन समाज को तन, मन, धन से लगना होगा तभी सराक समाज की अस्मिता और अस्तित्व की रक्षा हो सकेगी।

अब आवश्यकता इस बात की है कि पूरा जैन समाज मिलकर इन्हें भरपूर खाद और पानी दे ताकि आगे चलकर इस विशाल वृक्ष की छाया में अन्य ग्राम की बालायें भी उभर कर सामने आ सकें, ग्राम्य युवक भी अपने पूर्वजों के कंधों पर भार न रहकर आर्थिक प्रगति के नये स्रोतों से जुड़ सकें।

आशा है कि शीघ्र ही अनुकूल समय आएगा और ये लाखों निरीह सराक जैनधर्म की मुख्य धारा से जुड़ जाएंगे। सिर्फ थोड़े से संस्कारों की पूंजी इनके पास बची हुई है जिसके आधार पर हमें इन्हें समृद्ध करना है। इधर-उधर बिखरे पड़े बहुमूल्य कलापूर्ण जैन मन्दिर, मूर्तियां और विपुल जैन कीर्तियां इनकी जैनधर्म के प्रति आस्था और समर्पण की जीवन्त गाथा गा रही हैं। इनका विगत गौरव, पूर्वजों का धर्म, विरासत में मिले संस्कार इनकी विरासत है। सम्पूर्ण जैन समाज का वात्सल्य इन्हें मिले तो ये पुनः अपने मूल धर्म को स्वीकार कर इन प्रान्तों में बिखरी हुई प्राचीन कला सामग्री को उचित एवं व्यवस्थित रूप दे सकते हैं।

सराक क्षेत्र में भले ही वह बंगाल हो, बिहार हो या उड़ीसा, सचमुच बच्चों एवं महिलाओं के सामने जितनी विषम परिस्थितियां हैं उनमें जीवित रह सकना सचमुच बड़ी उपलब्धि है, जन्म लेने के बाद हर कदम पर मृत्यु उनकी प्रतीक्षा

करती मिलती है। वास्तव में जन्म लेने के काफी पहले से ही बिना किसी गलती के ये बच्चे मौत के सम्मुख खड़े कर दिये जाते हैं, इन लाचार बच्चों के पास जन्म से पूर्व या जन्म के पश्चात् ऐसा कोई साधन नहीं होता जिसके बूते पर वे मौत का सामना कर सकें।

आंकड़ों के अनुसार 20 प्रतिशत बच्चे तो गर्भावस्था में मर जाते हैं, इसके बाद वे बच्चे हैं जो पैदा होते ही या पैदा होने के कुछ देर बाद मर जाते हैं उन्हें मां का दूध भी पीने को नहीं मिलता, वे अपने साथ ही कितनी ही आशाओं व सपनों को ले जाते हैं।

कोई डॉक्टरी सहायता पाने से पूर्व मर जाने वाले बच्चों अथवा जन्म के पहले ही बच्चों के मर जाने का सबसे बड़ा कारण होता है माताओं का बीमार और कमजोर होना। कई बार यह मौत का कारण चिकित्सकीय सुविधाओं का अभाव होता है। इन सब कारणों के अतिरिक्त अनेक ऐसे कारण हैं जिनके चलते नवजात शिशुओं को काल-कवलित होना पड़ता है। अनेक मामलों में बच्चों के साथ मां की भी जान चली जाती है।

समाज में व्याप्त उपेक्षा, अज्ञान और लापरवाही के चलते सैकड़ों शिशु अपना पहला जन्म-दिन मनाने के पहले ही इस संसार से विदा हो जाते हैं। इन एक साल की उम्र पूरी करने के पहले मृत्यु का वरण करने वाले शिशुओं से भी ज्यादा संख्या ऐसे शिशुओं की है जो अपनी उम्र के पांच वर्ष पूरे करने से पहले ही मृत्यु की गोद में समा जाते हैं। इन बच्चों की मृत्यु के प्रमुख कारणों में डायरिया, निमोनिया, टायफाइड और ऐसे ही अन्य संक्रमणों का नाम आता है। इनमें से कुछ भाग्यशाली बच्चे मुख्य माइको, डिप्थीरिया, पर्टनिस, टिटनेस, पोलियो और खसरे से बचाव के टीके पा जाते हैं, तो बच जाते हैं पर अधिकांश तो इनके अभाव में मृत्यु के चंगुल में आ ही जाते हैं। इन बच्चों के मां-बाप या तो बहुत अज्ञानी हैं या इनके प्रति लापरवाही, अपनी इन कमियों के चलते वे बच्चों को अस्पताल नहीं, अंतिम संस्कार करने ले जाने में ही समर्थ होते हैं। काश ! वहां कोई प्राथमिक चिकित्सा स्वास्थ्य केन्द्र होता।

ढेरों बच्चों की त्रासदी कई अर्थों में इससे भी बड़ी है। वे मौत से तो बच जाते हैं पर उन्हें मुर्दा भविष्य जीने को बाध्य होना पड़ता है। जब सारी दुनिया तेज और तेज दौड़ने की कोशिश में लगी हो, हजारों दुर्भाग्यशालियों को अपने पैरों पर भी चल पाना नसीब न हो, या जब सारी दुनिया बेहतर कल की ओर देखने में लगी हो, ढेरों भाग्यहीन बच्चे कुछ भी देख पाने में असमर्थ हों या फिर जब शारीरिक-बौद्धिक स्तर की नयी-नयी सीमाएं तलाशी जा रही हैं, ढेरों बच्चे केवल आयोडीन

युक्त नमक न पाने के कारण मन्द बुद्धि हो जायें और शारीरिक रूप से अविकसित रह जायें तो इसे घोर दुर्भाग्य या मौत के बराबर कहना शायद इन बच्चों की त्रासदियों को कम करके आंकना है। शारीरिक एवं मानसिक अक्षमता पर कुपोषण का तुर्रा, और इससे भी आगे इन दुर्भाग्यशाली बच्चों के आस-पास अपना साम्राज्य स्थापित किए हुए अज्ञानता, अशिक्षा और गरीबी—ऐसे हजारों बच्चों की जिन्दगी को मजाक—एक क्रूर मजाक—बना देती है।

इन सारी बाध्यताओं और अक्षमताओं के मध्य में भी ये बेचारे जब स्वयं को जीवन के शेष मुद्दों के लिए तैयार करने निकलते हैं तो उनके सामने सरकारी स्कूल के नाम पर या तो कुछ भी नहीं होगा या फिर होगा एक जीर्ण-शीर्ण कमरा और इस पूरे उपक्रम को संचालित करने और देखने-भालने के लिए एक अध्यापक।

मौत की देवी इस बीच अपना काम जारी रखती है, अब वह बच्चों की जान मारने के स्थान पर आकांक्षाओं, सपनों और आशाओं को मारती है। राज्य में हर दूसरी लड़की और हर चौथा लड़का स्कूल नहीं जाता और ऐसा करके या करने पर विवश होकर वह बच्चा अपने भविष्य की हत्या करता है और जो स्कूल जाते भी हैं वे अपनी प्राथमिक शिक्षा पूरी नहीं करते।

इसके बाद जो बच्चे अपनी प्राथमिक शिक्षा पूरी करते भी हैं, उन्हें लगता है कि उनकी शिक्षा उनके लिए किसी काम की नहीं है क्योंकि इसकी सहायता से वे धनार्जन करने में असफल रहते हैं, जल्दी ही ये बच्चे अपने बिल्कुल अनपढ़ भाई-बहनों की तरह ही सबसे सस्ते, सबसे निरीह कार्यों में यथा—गाड़ियों की मरम्मत करने, गिट्टी तोड़ने, बोझा ढोने या किसी ऐसे कार्य में लग जाते हैं जिसका बच्चों से कोई लेना-देना नहीं होता है। सामाजिक अव्यवस्था की यह परिणति है कि इस क्षेत्र के लगभग 1 लाख युवाओं में 90,000 के पास काम नहीं है जबकि 20 हजार बच्चों को काम के पीछे अपनी आहुति देनी पड़ती है। रोजगार के इस अव्यवस्थित वितरण का दुष्परिणाम है कि सराक क्षेत्र में लगभग 90 प्रतिशत लोग गरीबी की रेखा के नीचे जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

यहां के बच्चों के गालों पर आपको लालिमा देखने को नहीं मिलेगी। धंसी हुई फटी-फटी आंखें, खाल के भीतर से झांकती हड्डियां यहां के बच्चों की पहचान है। जब बचपन पूर्ण यौवन पर होना चाहिए तब ये बच्चे असहाय थके हुए और चुके हुए लगते हैं। उनके आस-पास परियों जैसी कोई कल्पना नहीं होती और सामने उनके इर्द-गिर्द कभी फटकते तक नहीं। गरीबी, अशिक्षा, बाल-श्रम तथा पहले से भी अधिक गरीबी का चक्र ही एक मात्र चक्र या दुष्चक्र है जो आस-पास होता है, उन्हीं के साथ-साथ इस क्षेत्र का भविष्य भी इस दुष्चक्र में उलझा रहता है। क्षेत्र

के नौनिहालों की इस अवस्था की जिम्मेदारी उनकी स्वयं की तो नहीं हो सकती।

प्रश्न यह है क्या इस सराक क्षेत्र को, इन दुःखी और अहसास से परे हो चुके थके हुए कदमों वाले युवाओं की आवश्यकता है ? या यह क्षेत्र चमकते चेहरे वाले, ऊर्जा से लबालब भरे बच्चे चाहता है जो सचमुच वीर की संतान हों ? प्रश्न यह है कि देश का सर्वाधिक शिक्षित सम्पन्न जैन समाज अपने बच्चों के विषय में चिन्तित होकर सरकार को और श्रीमन्तों को इस ओर आकर्षित करेगा ?

प्रश्नों की शृंखला यहीं समाप्त नहीं हो जाती। प्रश्न यह भी है क्या वह प्रदेश जो श्रमण संस्कृति व तीर्थंकरों के जन्म, विहार, निर्वाण स्थल रहे वे यह ऐसा बंजर क्षेत्र बने रहने की त्रासदी ही भोगें ? क्या यही आदर्श है जैनत्व का ? क्या कहेगा भविष्य और वर्तमान इस धरा को देखकर कि क्या यहां सुभिक्ष होता था ? तीर्थंकरों की भूमि इतनी श्रीहीन इस भूमि की रज को कौन शीश चढ़ाएगा। क्या मानवता के पुजारी शुद्ध वातावरण, प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था, अच्छी शिक्षा, मन्दिर की बढ़िया नींव की व्यवस्था करा सकता है ? अल्प शब्दों में कहूं तो इस क्षेत्र को विकसित होने का मौका दे सकता है ? क्या कभी यह क्षेत्र अपने नाम के अनुरूप इन कठिन सवालों का उत्तर ढूंढ़ने का प्रयत्न प्रारम्भ करके अपना नाम सार्थक कर सकेगा ?

सराक लोग बड़े शान्त नागरिक हैं, ये झगड़ा-फसाद से बचते हैं और पड़ोसियों के साथ प्रेमपूर्वक रहते हैं। इनके 17 गोत्र हैं। वामनधारी ताम्रशासन (बारहवीं शताब्दी) से ज्ञात होता है कि मयूरभंज के भंजवंशीय राजाओं ने श्रावकों को बहुत ग्राम दिए थे। श्रावकों ने जंगलों में तांबे की खानें ढूंढीं और अपनी सारी शक्ति लगाकर इन खानों का विकास किया ऐसा अनेक अंग्रेज पुरातत्ववेत्ताओं एवं इतिहासविदों ने भी लिखा है, किन्तु विश्वास किया जाता है सन् 1023 ई. में चोल राजा राजेन्द्र देव ने बंगाल के नरेश महीपाल पर आक्रमण किया तब आते-जाते दोनों ही समय चोल सेना ने धर्म-द्वेषवश सराकों के बनवाए हुए जैन मन्दिरों का विध्वंस किया। इसके बाद पाण्ड्या नरेशों ने लिंगायत, शैव सम्प्रदाय के उन्माद में जैनधर्मायतनों का विनाश किया और सराकों को धर्म परिवर्तन के लिए बाध्य किया। जिन्होंने अपना धर्म छोड़ना स्वीकार नहीं किया, उन पर भारी अत्याचार किए गए। जब दक्षिण की ओर से शैवधर्म और आन्ध्रप्रदेश की ओर से वैष्णवधर्म का झंझावात प्रबल वेग से बढ़ता हुआ उड़ीसा, बंगाल और उत्तर बिहार में आया उस समय उसके सामने जो झुक गए वे बच गए, जिन्होंने कुछ साहस बटोरकर उसके सामने खड़े होने का प्रयत्न किया, वे नष्ट हो गए या मार दिये गये। एक बार तो श्रावकों को अपना स्थान, धन्धा, धर्मालय सब कुछ छोड़कर भागना पड़ा किन्तु

राज्याश्रय में पला हुआ धार्मिक विप्लव बंगाल, बिहार और उड़ीसा में श्रावकों का सफाया करके ही माना। ये विस्थापित लोग जहां-तहां प्रायः गांवों में सुरक्षा की दृष्टि से बस गए। व्यापार छोड़कर खेती-बाड़ी का धन्धा करने लगे। धर्म छोड़कर भी संस्कार न छोड़ सके और हिन्दू कहलाकर भी स्वयं को श्रावक अथवा सराक ही कहते रहे।

जंगलों और पहाड़ियों के सूनेपन में भी घर बनाकर शान्त वातावरण में हृदय से भी शान्त हैं। अभावों की पीड़ा से अन्तस को झुलसाते नहीं हैं। बिजली, पानी की व्यवस्था हो, न हो इन्हें सरकार से कोई शिकायत नहीं है। गांवों में लोग घरों में न ताला लगाते हैं, न वहां चोर हैं।

सराक बन्धु स्त्री हो या पुरुष आगन्तुकों से हँसकर मिलते हैं और यथोचित आतिथ्य कर धन्य समझते हैं। बहुत ईमानदार हैं ये।

इन सराकों के विषय में हमें नए ढंग से सोचना होगा। हमारी संस्कृति का आधार 'परस्परोपग्रहो जीवानाम्' रहा है, वही आज खण्डित दिखलाई पड़ रहा है, हमने भौतिक क्षेत्र में भले ही बहुत कुछ प्राप्त किया हो किन्तु एकता को तो हमने विखण्डित करके दिवालियापन ही दिखाया है।

सराकों के बीच उपाध्याय श्री महावीर की धरोहर बही

सराक जाति का उद्भव एवं विकास इतिहास के पृष्ठों में खोया हुआ है। इसके इतिहास की ओर दृष्टि डालें तो इन मान्यताओं पर अविश्वास नहीं किया जा सकता कि भगवान् महावीर का सिंहभूम, वर्धमान एवं विरभूम जिलों में विहार हुआ था वहां के निवासियों को जैनधर्म के संस्कारों से सुसंस्कारित किया गया था, और वहां के श्रावकों द्वारा धन-वैभव से सम्पन्न थे तथा उनके द्वारा बहुत से जैन मन्दिरों का भी निर्माण कराया गया था।

समय ने करवट ली। काल का तूफान जब गुजरता है तो वहां का सब कुछ बदल जाता है पुराना सब साफ हो जाता है ऐसा ही इस जाति के साथ हुआ, सम्राट अशोक ने अपने शासन की वृद्धि के लिए युद्धों का सहारा लिया, युद्धों में लाखों श्रावकों को मौत के घाट उतार दिया गया, महावीर के अनुयायियों को धर्म परिवर्तन के लिए बाध्य किया गया, उनके ऊपर अनेक प्रकार के अत्याचार किए गए, अतः वे जंगलों में भाग गए, जंगलों से निकलकर कभी नगरों में आने का अवसर नहीं मिला, खेती आदि करके ही अपना गुजारा करते।

जिस प्रकार जल और पवन का संयोग न मिलने से मिट्टी में दबा बीज अंकुरित नहीं हो पाता ठीक इसी प्रकार दिगम्बर गुरु के दर्शन और उपदेश का संयोग न मिलने से सराक हृदय की भूमि में दबा हुआ धर्म का बीज अंकुरित नहीं हो पा रहा था। उनके ऊपर अज्ञानता की तह पड़ती चली गई थी। सराक बन्धुओं के हृदय से धर्म की मणियां शनैः-शनैः लुप्त होती जा रही थीं, उनके जीवन में दुख की काली छाया बढ़ती जा रही थी। यद्यपि देश में सम्पन्नता और खाद्य-सामग्री का अभाव नहीं था किन्तु सराक भाई दरिद्रता के पंक में फंसे हुए थे, विगत वर्षों से सराक ग्रामों की धारा पर मिथ्यात्व का गहन अन्धकार छाया हुआ था।

वर्तमान में सराक बन्धु बिहार, बंगाल एवं उड़ीसा के 12 जिलों में बसे हुए हैं। भाषा एवं सामाजिक परिवर्तनों के कारण उ.प्र., राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात के प्रदेशों में रहने वाले जैनों से उनका कोई सम्बन्ध नहीं रहा, वह जैन समाज की मूल धारा से टूट गए थे, उन्हें मूल धारा से जोड़ने का समय-समय पर काफी प्रयास भी किया गया, पूज्य आ. विद्यासागर जी महाराज, क्षु. गणेशप्रसाद जी

वर्णी, क्षु. मनोहर लालवर्णी जैसे महान सन्तों तथा श्री बैजनाथ जी सरावगी, साहू श्री शान्तिप्रसाद जी जैन, प. बाबूलाल जमादार, रायबहादुर श्री हरकचन्द जी पाण्ड्या रांची, श्री विमलप्रसाद जी खरखरी वाले एवं श्री शिखरचन्द जैन आदि द्वारा भी सराकोद्धार हेतु कदम उठाए गए।

उपाध्याय श्री का आगमन वरदान सिद्ध हुआ

सन् 1993 में उपाध्याय श्री का आगमन सराक बन्धुओं के लिए वरदान सिद्ध हुआ और दिगम्बर सन्त को पाकर सराक क्षेत्र की धरा मुस्करा उठी, वर्षों से गहन अन्धकार में डूबे सराक बन्धुओं के अज्ञानता के बादल छटने लगे तथा धार्मिक संस्कार पुनर्जीवित हो उठे।

उपाध्याय श्री का एक निराला ही व्यक्तित्व है, इनकी समग्र अन्तश्चेतना वात्सल्य गुण से ओत-प्रोत है, जब वह बोलते हैं तो उनके प्रत्येक शब्द से वात्सल्य की धारा फूटती है, उनकी मुस्कान से झरने वाले वात्सल्य निर्झर से तो उनके भक्त भींग-भींग जाते हैं, उनका व्यवहार अत्यन्त अनुशासित तथा संयत है, उन्होंने अपने जीवन में सबसे ज्यादा अनुशासन को महत्व दिया है क्योंकि अनुशासन ही हमारे जीवन की सफलता की कुंजी है।

करुणा पुकार उठी

सराक भक्तों को उपाध्याय श्री की अभय प्रदायिनी मधुभरी करुणा की धारा प्रवाहित हुई। कल्याणमयी वाणी सुनी तो जैसे शिशु अपनी सब समस्याओं को अपने माता-पिता के समक्ष प्रगट कर देता है वैसे ही निर्भय होकर सभी ने अपनी-अपनी समस्यायें उपाध्याय श्री के समक्ष रखीं।

उपाध्याय श्री ने जब सराकों की सामाजिक, आर्थिक समस्याओं को सुना तो उनके हृदय में सराकों के प्रति करुणा का अजस्र स्रोत प्रवाहित होने लगा और उनके मन में सराकों के विकासोत्थान हेतु भावनाएं जाग्रत हुईं तथा उनके लिए कुछ करने को कृत संकल्पित हो गए, मुनि जीवन के आवश्यक कर्तव्यों का पालन करते हुए वे सराकों के जीवन में उत्थान के पुष्प विकसित करने के लिए भागीरथ के समान प्रयत्नशील हो गए। उपाध्याय श्री अन्धे की लाठी के समान सिद्ध हुए।

जैसे पावस ऋतु के आने पर चातक पक्षी लालायित नेत्रों से आसमान की ओर टकटकी लगाए रहते हैं कि कब पानी बरसे और मुझे तृप्ति मिले, उसी तरह चातुर्मास की बेला में चातुर्मास कराने हेतु सभी सराक ग्राम निवासी अपने-अपने ग्राम

के लिए उपाध्याय श्री की बाट जोह रहे थे लेकिन द्वय युगल मुनिराज का अपने पूर्ण ज्ञान के खजाने को लिए तड़ाई ग्राम (रांची जिला) में पदार्पण हुआ, मुनिराजों को पाकर ग्रामवासियों का मन मयूर नाच उठा अपने सजल नेत्रों से द्वय महाराज श्री की अगवानी कर चरण पखारे। महाराज श्री ने जैसे ही तड़ाई ग्राम में चातुर्मास की स्वीकृति दी तो उन सराक भाइयों ने ऐसा महसूस किया कि मानो हम बेसहारों के लिए मसीहा चलकर आया है और उन्होंने अपने भाग्य को सराहा।

चातुर्मास के दौरान अनेकानेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, साथ ही इन कार्यक्रमों से अलग विराट् सराक सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें दूर-सुदूर प्रान्तों के संभ्रान्त महामहिम उद्योगपति पधारे साहू श्री अशोक कुमार जी दिल्ली, श्री उम्मेदमल जी पाण्ड्या आदि जैन समाज के प्रमुख, वयोवृद्ध समाजसेवी रायबहादुर भी हरकचन्द जी पाण्ड्या रांची सम्मिलित थे। महाराज श्री की प्रेरणा से हुए इस अभूतपूर्व आयोजन को सभी ने मुक्त कण्ठ से सराहा। महाराज श्री की विचारधारा से सहमत होकर सराक बन्धुओं के आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाने के लिए एक वृहद् फण्ड की स्थापना की जो इस सम्मलेन की सबसे बड़ी उपलब्धि रही।

रामबाण औषधि मिल गई

महावीर के लघुनन्दन महावीर के पथ का अनुसरण करते हुए बिहार, बंगाल सभी सराक ग्रामवासियों को शिविर के माध्यम से जैनधर्म के सिद्धान्तों को बताकर वीतराग धर्म के प्रति आस्था को मजबूत किया, और ये शिविर, सभी उन सराक भाइयों के धार्मिक शिक्षा के विकास में रामबाण औषधि की तरह साबित हुए, उपा. श्री द्वारा प्रशिक्षित युवकों द्वारा पूज्य श्री की प्रेरणा से धर्म की रश्मियों को जनमानस तक पहुंचाने के लिए सभी प्रान्तों में लघु शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी आबाल-वृद्धों ने नई उमंग के साथ भाग लिया और धार्मिक शिक्षा के साथ ही सदाचार, नैतिकता के संस्कार प्राप्त किए।

तड़ाई चातुर्मास के पश्चात् महाराज श्री धर्म की वर्षा करते हुए जशपुर, अम्बिकापुर, बगीचा आदि होते हुए पेटरवार पहुंचे।

जमीन पर फरिश्ता उतरा

बिहारप्रान्त का चतुर्थ चातुर्मास पेटरवार में (बिहार) हुआ तभी श्री कमल कुमार जी पाटोदी का सम्पर्क महाराज श्री से हुआ, जिन्हें इस युग के सरसेठ

हुकुमचन्द के समान दानवीर कहा जाये तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। जब उन्हें महाराज श्री ने सराक भाइयों की करुण व्यथा सुनायी तो उनका हृदय द्रवीभूत ही गया और सराक भाइयों को कुछ कर गुजरने के लिए संकल्पित हो गए।

उन्होंने महाराज श्री का आशीर्वाद ग्रहण कर अल्प माहों में ही तन-मन-धन से समर्पित होकर सराक भाइयों को अपने हृदय से लगाते हुए उनकी समस्या को अपनी समस्या समझते हुए इस जुझारू व्यक्तित्व ने बहुत कुछ कर डाला। सराक ग्रामों में पाठशाला, मन्दिर आदि का निर्माण कराकर बेरोजगारों के जीवन की आवश्यकताओं रोटी, कपड़ा और मकान की पूर्ति कराने में संलग्न हैं, उनकी मां श्री भी इस कार्य में अपने बेटे के साथ कंधा से कंधा मिलाकर सहयोग दे रही हैं और आज सराक भाई उनसे ऋणी होकर उन्हें अपना फरिश्ता मान रहे हैं।

अनायास संयोग ऐसा बना कि उपाध्याय श्री ने मेरठ में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में आने हेतु बिहारप्रान्त से उत्तरप्रदेश की ओर विहार कर दिया।

सन् 1995 का भव्य चातुर्मास अतिशय क्षेत्र बड़ागांव में बड़ी प्रभावना के साथ हुआ।

बिहार क्षेत्र से विहार किए हुए गुरुवर को 11-12 माह हो गए हैं, किन्तु आज भी सराक भाइयों के प्रति सहानुभूति-करुणा बरकरार है, शहरों से हटकर एकान्त स्थान में साधना में रहते हुए भी सराक भाइयों के पूर्व वैभव को पुनः वापिस लाने के लिए विभिन्न-विभिन्न प्रान्तों के (म.प्र., उ.प्र., पंजाब) समाजसेवी भाइयों को प्रेरित करते हैं कि ये सराक भाई आततायियों के जुल्म के कारण तुमसे ही बिछुड़ गए है। अतः उन्हें उठाकर अपने गले लगाओ और जैन समाज को एक विशाल रूप दो।

जैन धर्म का प्राचीन गौरव स्थल

बंग प्रान्त

भारत के पूर्वांचल को प्रकृति ने बड़े ही सुन्दर ढंग से संजोया है। इस देश में यहां के शैलगिरि, गहन-वन और सरिताओं ने धर्म एवं संस्कृति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह ब्राह्मण, जैन एवं बौद्ध धर्मों की तपोभूमि है, यह त्रिवेणी कई सहस्र वर्ष पूर्व से अबाध गति से प्रवाहित होती रही है। पर्वत शृंखलाओं के मध्य बसे इस भूमिखण्ड में विभिन्नताओं के साथ ही एकरूपता का विराट दर्शन होता है। इस तपोभूमि की पावन दामोदर, कंसा, स्वर्णरेखा के जलों से सिंचित करती हुई सहस्रों वर्ष से जनमानस को प्रेरित करती हुई, पतित पावन गंगा में मिल जाती है। मौर्यकाल के उपरान्त गुप्तकाल एवं राजा खारवेल ने जैन धर्म को पूर्णरूपेण पल्लवित एवं पुष्पित किया। प्रमाणस्वरूप आज भी सम्भवतः बंगाल, बिहार, उड़ीसा का में बहुलता से जिन अवशेष उपलब्ध होते हैं। प्रस्तुत पुस्तक में हम प्रमुखतया बंगाल के उन दो जिलों का वर्णन कर रहे हैं जिनके नाम भगवान् महावीर के यश-वैभव की जीवन्त गाथा अपने नाम में उनका नाम समाहित कर अमर हो गए हैं। धरा भी तो ऐसे पुण्य पुरुषों के संस्पर्शन को लालायित रहती ही है। पू. उ. 108 श्री ज्ञानसागर जी महाराज भी पुनः उसी इतिवृत्त की पुनरावृत्ति के जीवन्त प्रमाण हैं। उनके चरण संस्पर्शन से पुनः जन-जन को भगवान् महावीर स्मरण हो गए और सराक बन्धु पुनः उसी प्रकार पूज्यवर गुरुदेव की शरणागत हो गए।

सराक बन्धुओं की इस शाश्वत अवस्थिति का चित्रण करने का लघु प्रयास है। इसमें मेरा कुछ नहीं, जो भी है इतिहासविदों का, पुरातत्वविदों का सर्वेक्षण है। मैंने मात्र एकत्रीकरण का प्रयास किया है। इसका और व्यापक शोधकार्य होना चाहिए जिससे हम इस क्षेत्र में पुनः अपनी संस्कृति का ध्वजारोहण गर्व के साथ कर सकें।

पूज्य श्री 108 गुरु ज्ञानसागर जी के चरणों में कृतज्ञतापूर्वक नमोऽस्तु!

बंगाल प्रान्त

प्राचीन काल में बंग देश (वर्तमान बंगला देश) व्यापारिक दृष्टि से अत्यन्त समृद्ध था। राजनैतिक दृष्टि से, प्रतीत होता है कि प्राचीन बंग अग्रपंक्ति में अपना

स्थान कभी भी नहीं बना पाया। यहां ऐसा कोई प्रतापी व्यक्तित्व नहीं उभरा, जिसने दिग्विजय द्वारा चक्रवर्ती का विरुद धारण किया हो। छठी शताब्दी के अन्त में बंग के राजनैतिक क्षितिज पर शशांक नरेश का उदय हुआ उसने समूचे बंग, कलिंग, आन्ध्र, कोंगद और कन्नौज को जीत लिया। उसका शासनकाल छठी शताब्दी के अन्तिम कुछ वर्षों से लगभग ई. स. 619 तक माना जाता है। वह कट्टर वेदानुयायी था। बौद्ध और जैनधर्म से उसको हार्दिक द्वेष था, अपने सैनिक अभियान के समय मार्ग में जो बौद्ध विहार और जैन मन्दिर मिलते थे, उन्हें वह नष्ट करता था। नालन्दा का प्रसिद्ध विश्वविद्यालय उसी ने जलाया ऐसा माना जाता है। चक्रवर्ती बनने जैसा शौर्य तो वह न दिखा सका पर औरंगजेब जैसे धर्मान्ध व्यक्तियों की काली सूची में उसने अपना नाम लिखा लिया। शशांक के अत्याचारों का बदला पाल नरेशों ने कसकर लिया, किन्तु वे भी ऐसे नरेश न बन सके जिन्हें सम्राट कहा जा सके।

चोलवंशी राजेन्द्र ई. स. 1018 से 1044 ने पाण्ड्य, चेर, सिंहल, चालुक्य के राजवंशों को पराजित किया। उसने कलिंग, ओड्र, दक्षिणी कौशल और बंग तक अपना साम्राज्य विस्तार किया, फिर उसने नौसैनिक अभियान चलाकर मलय प्रायद्वीप, जावा, सुमात्रा, कैडाह पर अपनी विजय वैजयन्ती फहराई। इस अभियान के समय उसकी सेना ने मार्ग में पड़ने वाले सभी जैन मन्दिरों और मूर्तियों का व्यापक विनाश किया, समूलोच्छेदन का कार्य किया। एक कट्टर शैव के रूप में उसने जैनधर्म और आयतनों का निर्मम विनाश किया। जिस प्रकार दक्षिण में, वीर शिव लिंगायत के आचार्य अप्पार ने पल्लव राजा महेन्द्र वर्मा, जो नरसिंह वर्मा का पुत्र था, को जैन से शैव बनाकर जैनों का विनाश कराया तथा शैव आचार्य सम्बन्दर ने अपने सहयोगी सन्त तिरुनाबुक्करसर के साथ पाण्ड्य राज सुन्दर पाण्ड्य को जैन से शैव बनाकर हजारों जैनों को बलात् शैव बनाया। आठ हजार जैनों को कोल्हू में पेल दिया (पौदयपुराण से)। उसने अनेक जैन मन्दिरों और मूर्तियों का विध्वंस किया अथवा उन्हें परिवर्तित करके शैव मन्दिर और शिव बना लिया, उसी प्रकार चोलराज राजेन्द्र ने 1029 ई. में और पाण्ड्य नरेश जयवर्मन सुन्दर पाण्ड्य ने सन् 1251-1268 उड़ीसा, कलिंग और बंगाल के जैन मन्दिरों और मूर्तियों का विध्वंस किया।

बिहार व बंगाल के हजारीबाग, मानभूम, सिंहभूम, रांची, पटना आदि जिलों और उड़ीसा के नीलगिरि, अतसपुर, मयूरभंज आदि स्थानों पर ईसा पूर्व प्रथम शती तक की मूर्तियां उपलब्ध होती हैं। ये मूर्तियां जहां बिखरी हुई हैं वहां मन्दिरों के चिह्न भी मिलते हैं, अतः असंदिग्ध रूप से ये मन्दिर भी इसी काल के हैं। बंगाल

में पार्श्वनाथ और महावीर बंग प्रदेश में जैनधर्म प्रचार के कुछ ऐसे उल्लेख उपलब्ध होते हैं, जिनके अनुसार श्री ऋषभदेव, श्री पार्श्वनाथ और श्री महावीर प्रभु ने बंग में विहार किया था और धर्मोपदेश दिया था। कहा जाता है, श्री पार्श्वनाथ के धर्म-प्रवचनों ने बंग प्रदेश के सहस्रों व्यक्तियों के हृदय में जैनधर्म की अमिट छाप अंकित कर दी थी। श्री पार्श्वनाथ जी के विहार प्रसंग में ताम्रलिप्ति और कोपकटक स्थानों का उल्लेख मिलता है। इन स्थानों पर वे गए थे। श्री पार्श्वनाथ के पश्चात् भगवान् महावीर ने अंग, मगध और कलिंग के समान बंग देश में भी विहार करके जनमानस को जैनधर्म की शिक्षाओं से प्रभावित किया था। तीर्थंकर महावीर के उपदेशों का प्रभाव जनता पर अत्यधिक पड़ा। मानभूम, वर्द्धमान आदि नगरों के नाम महावीर के नाम पर ही रखे गए ऐसा कहा जाता है। बंगाल के इन स्थानों और इनके निकटवर्ती जिलों के अनेक प्राचीन जैन मन्दिरों के भग्नावशेष बिखरे पड़े हुए हैं। इन जिलों में अनेक जैन मूर्तियां उपलब्ध हुई हैं। बंगाल के विभिन्न भागों में फैले हुए सराक बन्धु पार्श्वनाथ और महावीर की धर्म परम्परा के जीवित अवशेष हैं।

ताम्र शासन

बंगाल के राजशाही जिले में पहाड़पुर नामक स्थान से एक ताम्रशासन या ताम्रपत्र उपलब्ध हुआ है। यह स्थान कलकत्ता से लगभग 275 किमी. उत्तर की ओर और जमालगंज स्टेशन से 5 किमी. पश्चिम की ओर से बदलगाछी थाने के अन्तर्गत है। यह ताम्रपत्र गुप्त संवत् 159 (ई. सन् 478) का है। यहां एक जैन विहार मन्दिर था, जिसके ध्वंशावशेष चारों ओर बिखरे पड़े हैं। इसके चारों ओर प्राचीन काल में प्राचीर था, आजकल इसके अवशेष मिलते हैं। मध्य में एक टीला है। इसके कारण इस स्थान का नाम पहाड़पुर पड़ गया है। इस टीले के उत्खनन से ही उक्त ताम्रपत्र उपलब्ध हुआ है।

इस ताम्रपत्र में पंचस्तूपान्वय के निर्ग्रन्थ श्रमणाचार्य गुहनन्दि के जैन विहार का उल्लेख मिलता है। इसके अनुसार एक ब्राह्मण दम्पति ने पुण्ड्रवर्द्धन के विभिन्न ग्रामों में भूमि खरीदकर बटगोहाली ग्राम के जैन विहार को अर्हन्पूजा के लिए उसे दान दिया था। अनुमान किया जाता है कि बटगोहाली का विहार वही होना चाहिए जो पहाड़पुर की खुदाई में प्रकाश में आया है।

खुदाई के फलस्वरूप इस विहार के सम्बन्ध में अनेक तथ्य प्रकाश में आए हैं। यह विहार विशाल आकार का था। इसका परकोटा लगभग एक हजार वर्ग मी.

का था। जिसके चारों ओर 175 से भी अधिक गुफाकार प्रकोष्ठ थे। विहार के चौक में चारों दिशाओं में विशाल द्वार थे। चौक के ठीक बीचोंबीच स्वस्ति के आकार का सर्वतोभद्र मन्दिर था। यह साढ़े तीन सौ फुट लम्बा-चौड़ा था। इसके चारों ओर परिक्रमा बनी हुई थी। मन्दिर तीन मंजिल का था। इनमें से दो मंजिल तो स्पष्ट दिखाई पड़ती हैं। मन्दिर की दीवारें और फर्श पक्की ईंटों की बनी हुई हैं। तीसरी मंजिल के ऊपर शिखर था। आजकल जो अवशेष उपलब्ध हैं उनमें 70 फुट ऊंची दीवार अब भी विद्यमान है।

यह मन्दिर स्थापत्य कला का अनुपम उदाहरण है। इसकी कला का प्रभाव बर्मा के पैगान और मध्य जावा के चण्डी लोटो जोंगरंग और चण्डी सीतु मन्दिरों पर स्पष्ट परिलक्षित होता है।

The Struggle for Empire, V.V. Bhartiya, Vidaya Bhawan, Bombay, pp 637-640

इसकी कला की समानता कोई दूसरा मन्दिर नहीं कर सका। सर्वतोभद्र मन्दिरों की परम्परा में यह संभवत प्रथम ज्ञात मन्दिर है। सर्वतोभद्र मन्दिर जैन परम्परा की अपनी विशेषता है। इस सम्पूर्ण विहार मन्दिर का निर्माण एक ही काल में हुआ था।

उक्त ताम्रपत्र में लिखा है—गुप्त संवत् 159 में एक ब्राह्मण नाथ शर्मा और उसकी भार्या रान्ती ने बटगोहाली ग्राम में पंचस्तूपान्वय निकाय के निर्ग्रन्थ आचार्य गुहनन्दि के शिष्य-प्रशिष्यों द्वारा अधिष्ठित विहार में भगवान् अर्हन्तों की पूजा सामग्री के निर्वाहार्थ तथा निर्ग्रन्थाचार्य गुहनन्दि के विहार में एक विश्राम स्थान के निर्माणार्थ यह भूमि सदा के लिए इस विहार के अधिष्ठाता बनारस के पंचस्तूप निकाय संघ के आचार्य गुहनन्दि के शिष्य-प्रशिष्यों को दान में दी।

आचार्य गुहनन्दि पंचस्तूपन्वय के प्रमुख आचार्य थे। इस पंचस्तूपान्वय की स्थापना आचार्य अर्हनबलीदू की थीं। ये पुण्ड्रवर्द्धन के निवासी थे। इसी पंचस्तूपान्वय में आगे चलकर षट्खण्डागम के सुप्रसिद्ध टीकाकार आचार्य वीरसेन और आचार्य जिनसेन भी हुए।

बटगोहाली संभवतः वट गुफावली का अपभ्रंश रूप है। इस नाम से ऐसा प्रतीत होता है कि यहां वट वृक्ष और गुफाएं बहुत थीं। यह गांव पुण्ड्रवर्द्धन नगर से उत्तर-पश्चिम की ओर 32 किमी. और वानगढ़ (प्राचीन कोटि वर्ष) से दक्षिण-पूर्व की ओर 45 किमी. था। इन दोनों के मध्य में बटगोहाली गांव आबाद था। पुण्ड्रवर्द्धन और कोटिवर्ष दोनों ही प्राचीन काल में जैनधर्म के केन्द्र थे इसलिए इस विहार का बहुत महत्व था। पुण्ड्रवर्द्धन राजनैतिक दृष्टि से भी बड़ा महत्वपूर्ण था।

मौर्य और गुप्तकाल में इस नगर में प्रान्तीय उपरिक (गर्वनर) रहता था। श्रुतकेवली भद्रबाहु और आचार्य अर्हद्बली दोनों ही आचार्य इसी नगर के निवासी थे।

बटगोहाली बिहार की ख्याति विद्या केन्द्र के रूप में भी थी। यहां अनेक दिगम्बर मुनि रहकर ध्यान अध्ययन करते थे। उनके कारण अनेक यात्री दर्शनों के लिए उनका उपदेश सुनने आया करते थे। अनेक छात्र विद्याध्ययन के लिए आते थे। ऐसा लगता है, ईसा की प्रारम्भिक शताब्दियों में पूर्व में बटगोहाली बिहार, उत्तर में मथुरा बिहार, पश्चिम में सौराष्ट्र स्थित गिरिनगर की चन्द्रगुफा और दक्षिण में श्रवणबेलगोला—ये चारों दिशाओं में जैन तत्वविद्या के सुदृढ़ केन्द्र थे।

इस विहार की ख्याति जैन विद्यापीठ के रूप में गुप्तकाल तक रही। गुप्त शासन के तिरोहित होने पर बंगाल में शशांक ने बटगोहाली जैन विहार बुरी तरह से क्षत-विक्षत किया। संभवतः इसके फलस्वरूप कुछ समय तक इस विहार पर ब्राह्मणों का अधिकार रहा। शशांक की मृत्यु के पश्चात् बंगाल में एक शती तक अराजकता का दौर-दौरा रहा। तब बंगवासियों ने स्वेच्छा से गोपाल नामक सरदार को सन् 750 में बंग देश का राजा निर्वाचित कर लिया। इसी से पाल वंश चला। इसका पुत्र धर्मपाल ई. सं. 770 में गद्दी पर बैठा। पालवंशी नरेश कट्टर बौद्ध धर्मानुयायी थे। धर्मपाल ने जैन विहार पर अधिकार कर लिया। उसने बटगोहाली के निकट सोमपुर नामक स्थान में बौद्ध विहार की नींव डाली और जैन विहार को उसमें सम्मिलित करके एक विशाल बौद्ध विहार बना दिया। इस पर बौद्धों का अधिकार मुस्लिम शासकों के काल तक रहा। जब उन्होंने इसे नष्ट कर दिया, तब से वह भग्न दशा में पड़ा है।

बटगोहाली अर्थात् आधुनिक पहाड़पुर से प्राप्त ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है और उससे जैन विहार के सम्बन्ध में प्रकाश पड़ता है, जिसकी ख्याति लगभग सात सौ वर्ष तक विभिन्न रूपों में रही।

जैन कला और पुरातत्व—बंगाल के विभिन्न स्थानों पर जैनकला और पुरातत्व की सामग्री उपलब्ध होती है, जो परिमाण की दृष्टि से भले ही प्रचुर न हो किन्तु गुण और गरिमा की दृष्टि से उनसे कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

कलकत्ता के इण्डियन म्यूजियम में पाषाण और धातुओं की कुछ जैन प्रतिमाएं कुषाण और गुप्त युग की रखी हुई हैं। भगवान् पार्श्वनाथ की एक 4 फुट ऊंची मूर्ति तथा एक शिलाफलक में लेटी हुई त्रिशला की मूर्ति गुप्त युग की कला का प्रतिनिधित्व करती है। यहां पाषाण और धातु की अन्य कई जैन मूर्तियां हैं जिनका काल ईसा की 9-10वीं शताब्दी माना जाता है।

पाकबीर—इसके पश्चात् पाकवीर-समूह के ध्वस्त पाकवीर मन्दिर हैं

(पाकवीर-समूह से हमारा आशय उन ध्वस्त मूर्तियों से है जो पाकवीर और आसपास बिखरे पड़े हैं)। ऐसा विश्वास किया जाता है कि पाकवीर और उसके आसपास विस्तृत क्षेत्र में जैनों ने, जो आजकल सराक कहलाते हैं, अनेक जैन मन्दिरों और मूर्तियों का निर्माण कराया था।

पाकवीर पुरुलिया से 45 किमी. तथा बड़ा बाजार के उत्तर-पूर्व में 30 किमी. और पौंचा के पूर्व में डेढ़ किमी. पर एक छोटा-सा गांव है जिसे पाकवीर कहते हैं। यहां बहुत से प्राचीन मन्दिर और कला सामग्री चारों ओर बिखरी पड़ी है, मुख्यतः यह जैनों से सम्बन्धित है। यहां की कुछ प्रमुख कला सामग्री एकत्रित करके एक छप्पर के नीचे जमा कर दी गई है। यह छप्पर किसी प्राचीन मन्दिर के अवशेषों के ऊपर बना हुआ है। उस मन्दिर की नींव अब तक यहां विद्यमान है। यहां सबका ध्यान आकृष्ट करने वाली एक विशाल मूर्ति है। यह मूर्ति ऋषभदेव तीर्थंकर की है। यह नौ फुट ऊंची है और श्याम वर्ण की है। अजैन जनता इसे भैरव देव मानकर पूजती है। और भी कई मूर्तियां हैं जिन पर तीर्थंकरों के चिह्न बने हुए हैं। दो छोटी मूर्तियों पर बैल के चिह्न अंकित हैं। एक छोटी मूर्ति पर कमल का चिह्न बना है। एक चैत्य है जिसके चारों ओर क्रमशः महावीर शान्तिनाथ, ऋषभदेव और कुन्थुनाथ की मूर्तियां हैं। इन चारों मूर्तियों के ऊपर दोनों ओर उड़ते हुए हंस चोंच में पुष्प-मालाएं लिए हुए दिखलाई पड़ते हैं। इसके अतिरिक्त एक और चैत्य है। बड़ी मूर्ति जिस मन्दिर की थी, वह मन्दिर बड़ा विशाल रहा होगा और लगता है पाकवीर के पास एक ऐतिहासिक पाषाण है, जिस पर दो हाथ का एक वृक्ष अंकित है, इसके ऊपर एक पद्मासन जैन मूर्ति है, उसके दोनों ओर दो इन्द्र हैं, वृक्ष के ऊपर एक बालक शाखा पर बैठा है, नीचे माता-पिता बने हैं, माता की गोद में बालक है, पिता यज्ञोपवीत पहने हुए हैं, नीचे आसन में सात गृहस्थों का अंकन है, इस मूर्ति के अवलोकन से स्पष्ट है कि मध्य काल में सिंहभूम और मानभूम जिलों में जैनधर्म की स्थिति बहुत अच्छी थी। पुरातत्वावशेषों के अतिरिक्त मानभूम जिले में अन्य भी कुछ ऐसे प्रमाण उपलब्ध हैं, जिनसे मध्य काल में जैनधर्म की बिहार में स्थिति पर प्रकाश पड़ता है। इन जिलों में ब्राह्मण जाति के जो व्यक्ति निवास करते हैं, वे दो वर्गों में विभक्त हैं--पश्चिमी ब्राह्मण और पूर्वी ब्राह्मण। पश्चिमी स्वयं को वर्द्धमान महावीर की जाति का या उनका अनुयायी बतलाते हैं। इससे स्पष्ट है कि पश्चिमी ब्राह्मण राजस्थान अथवा गुजरात से यात्रा करते हुए यहां पहुंचे थे और मध्य काल में वहीं बस गए थे। कहा जाता है कि ई. सन् 1023 में राजेन्द्र चोलदेव के सेनापतित्व में राज्य विस्तार के हेतु चोल सैनिकों ने मानभूम के जैन मन्दिरों को ध्वस्त कर दिया था। यहां से प्राप्त अवशेष मध्यकालीन हैं

जिससे इस जिले की मध्यकालीन जैनधर्म की स्थिति का बोध प्राप्त होता है। उसका मुख पश्चिम की ओर है। बड़ी मूर्ति पैरों और जांघों पर खण्डित है। कहा जाता है कि जब मुसलमानों ने इस देश को जीता था तो उन्होंने तलवारों से इस मूर्ति को तोड़ा था। ये निशान उसी के हैं।

इसके पास ही सन् 1871-72 में टीले की खुदाई कराई गई थी। उसमें पांच जैन कलावस्तु निकलीं। ईंटों का एक पूर्वाभिमुख मन्दिर अब भी भग्न दशा में खड़ा हुआ है। इसके उत्तर में चार पाषाण मन्दिर एक पंक्ति में हैं। जब ये बने थे, तब इनमें केवल गर्भगृह ही था, किन्तु बाद में मण्डप बना दिए गए, जो बाद में टूट गए। ये सब उत्तराभिमुखी हैं।

इनके उत्तर में पांच मन्दिर हैं। ये पंक्तिबद्ध न होकर अक्रम से हैं। इनमें दो मन्दिर पत्थरों के हैं और तीन मन्दिर ईंटों के हैं। ईंटों के मन्दिर टूटे पड़े हैं। पत्थरों के मन्दिरों में एक पूर्ण है, दूसरा भग्न हो चुका है।

इसके उत्तर में चार मन्दिरों की पंक्ति है। इसमें तीन पाषाण के हैं और एक ईंटों का है। सभी भग्न हैं। ईंटों के मन्दिर के पूर्व में दो टीले हैं जो ईंटों के दो मन्दिरों के अवशेषों से बन गए हैं। मन्दिरों की इस पंक्ति के दक्षिण में तीन पाषाण मन्दिरों की पंक्ति है, किन्तु वे सब भग्न हैं।

ये लगभग तीन-साढ़े तीन सौ वर्ग फुट में फैले हुए हैं। मन्दिरों के निकट कई तालाब हैं। एक में पत्थर के घाट बने हुए हैं लेकिन ये घाट टूट-फूट चुके हैं। मन्दिरों में जो पत्थर लगाए गए हैं, वे बलुए पाषाण हैं। ये बिना चूने के जोड़े गये हैं। कारीगरी सादा, किन्तु सुन्दर है। मण्डप या महामण्डप में जो स्तम्भ काम में लाए गए हैं वे बिल्कुल सादा हैं।

इस प्रकार लगता है, यहां पन्द्रह-सोलह या इससे भी अधिक मन्दिर थे।

पुरुलिया जिले में ही अनाईमहादेव बेडा या अनाईजामाबाद स्थान है। यह स्थान पुरुलिया से 10 किमी. दूर है। वह कंसा नदी के किनारे पर वृक्षों और लताओं से सुशोभित रमणीय स्थान है। यहां खुदाई में 11 जैन मन्दिर और अनेक जैन मूर्तियां निकली थीं किन्तु सभी भग्न अवस्था में। किन्तु कुछ वर्ष पूर्व वहां के महन्त शिवानन्दजी को भूगर्भ स्थित जैन मूर्तियों के सम्बन्ध में स्वप्न हुआ तदनुसार जमीन खोदी गई। फलतः भगवान् पार्श्वनाथ की पांच फुट ऊंची नीलवर्ण पाषाण की खड्गासन प्रतिमा उपलब्ध हुई। यह प्रतिमा एक शिलाफलक में उत्कीर्ण है। इसके दोनों ओर छह-छह कोष्ठकों में चौबीस तीर्थंकरों की खड्गासन प्रतिमाएं अंकित हैं। भगवान् के शीर्ष पर सप्तफणावली मण्डप है।

अनाईजामाबाद का क्षेत्र तो शोधकर्ताओं के लिए अत्यधिक उपयुक्त है,

साधना करने वालों के लिए साधना की जगह है। कलकत्ता, मुम्बई, मद्रास, दिल्ली, आरा, गोहाटी आदि से दर्शनार्थी यहां आते हैं। बंगाल, बिहार का तो यह अतिशय क्षेत्र है। चारों ओर के ग्राम यहां मनौती मांगते हैं। कहते हैं आश्रम के महन्त श्री शिवानन्दजी के पैर शिथिल होकर अशक्त हो गए थे। तीन माह तक उसी स्थान पर एकाग्रता से रहे जहां भगवान् पार्श्वनाथ की मूर्ति थी। एक दिन उन्हें लगा कि किसी ने कहा भगवान् पार्श्वनाथ का 'जल ला और प्रक्षाल कर'। महन्त जी ऐसे उठे जैसे विद्युत का करण्ट छू गया और वह चलने-फिरने लगे। कंसा नदी पर गए, छानकर जल लाए और ठीक हो गए। कहते हैं इस आश्रम में हिंसक प्रवेश नहीं कर सकता। सहज विरोधी जीव—यथा नेवला और सर्प भी यहां एक साथ रहते हैं।

भगवान् के पृष्ठ भाग में सर्पकुण्डली अत्यन्त कलापूर्ण प्रतीत होती है। शीर्ष पर सप्तफणावली मण्डप है। भगवान् के पृष्ठ भाग में सर्पकुण्डली अत्यन्त कलापूर्ण प्रतीत होती है। अधोभाग में दोनों ओर चमरेन्द्र खड़े हुए हैं। चमर कन्धे पर रखा हुआ है। दोनों चमरवाहकों का एक चरण नृत्य मुद्रा में उठा हुआ है। चरणों के दोनों ओर हाथ जोड़े हुए धरणेन्द्र और पद्मावती खड़े हुए हैं। पार्श्वनाथ की यह मूर्ति अति भव्य और अतिशय सम्पन्न है। इसके अतिरिक्त और भी कई मूर्तियां निकली थीं, वे सब वहीं विराजमान हैं।

वर्धमान जिले में आसनसोल के निकट पूचहा गांव है। इस गांव के बाहर एक टीला है जिसे देवलगढ़ (राजपाड) कहते हैं। इस टीले के ऊपर भगवान् ऋषभदेव की दो फुट ऊंची पद्मासन प्रतिमा विद्यमान है। इसके अतिरिक्त पंचबालयति की प्रतिमा भी रखी हुई है। चारों ओर प्राचीन ईंटें बिखरी हुई हैं। इससे प्रतीत होता है कि यह टीला किसी प्राचीन जैन मन्दिर का अवशेष है।

खड़गपुर से 55 किमी. दूर रूपनारायण नदी तट पर कोयलघाट नामक स्थान है। इस नदी का पुल बनाते समय एक खम्भे की खुदाई में भगवान् चन्द्रप्रभु की एक प्रतिमा निकली थी जो यहां के पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में विराजमान कर दी गई। यह मूर्ति हल्के पीले और काले रंग की है। इस मूर्ति के सम्बन्ध में दो बातें बहुल प्रचलित हो गई हैं—एक तो यह कि यह मूर्ति समय-समय पर रंग बदलती है। दूसरे, इसके समक्ष जो भी मनोकामना की जाएगी वह अवश्य ही पूर्ण होगी। इन किंवदन्तियों के कारण अनेक जैन मन्दिर और जैनेतर नर-नारी यहां मनौती मनाने आते रहते हैं। इस प्रकार यह मन्दिर अतिशय क्षेत्र बनता जा रहा है।

इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि कभी यह स्थान उन जैनों का, जिन्हें आज सराक कहा जाता है, बहुत बड़ा केन्द्र रहा होगा और यहां उस

समय जैनों की संख्या बहुत रही होगी। यहां जो सामग्री उपलब्ध हुई है वह ईसा पूर्व से लेकर गुप्तकाल तक की है। इस सम्भावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि इतनी बड़ी संख्या में यहां मन्दिरों का निर्माण इसलिए किया गया, क्योंकि यह तीर्थ क्षेत्र था। सम्भवतः भगवान् महावीर विहार करते हुए यहां पधारे थे और उनके उपदेशों से प्रभावित होकर अनेक व्यक्तियों ने जैनधर्म अंगीकार किया था। भगवान् महावीर से पहले श्री पार्श्वनाथ जी भी यहां पधारे थे। इन तीर्थंकरों की किसी विशेष घटना की स्मृतिस्वरूप इन मन्दिरों का निर्माण किया गया।

पहाड़पुर के फलकों पर बंगाल के पशु-पक्षी और वृक्ष-वनस्पति का घनिष्ठ अंकन है। उनमें हाथी, घोड़ा, चम्पक, कदम्ब आदि हैं।

बंग जनपद में जैनधर्म के अनेक सुप्रसिद्ध केन्द्र थे किन्तु तीर्थ क्षेत्र एक भी नहीं था। आज भी बंग देश (बंगला देश और भारत के बंगाल प्रान्त) में जैनों का कोई तीर्थ विद्यमान नहीं है। प्राचीन काल में बंग देश में कर्ण, सुवर्ण, कोटिवर्ष, ताम्रलिप्ति, कोपकटक, पहाड़पुर आदि सुप्रसिद्ध जैन केन्द्र थे, किन्तु वे भी तीर्थ नहीं थे और आज तो उनकी पहचान भी दुर्लभ है।

कलकत्ता के इण्डियन म्यूजियम में ऐतिहासिक महत्व की दुर्लभ वस्तुएं और उत्खनन से प्राप्त सामग्री संग्रहीत है। इसमें पाषाण और धातुओं की मूर्तियां सुरक्षित हैं। यहां पाषाण की केवल 4 जैन तीर्थंकर मूर्तियां देखने में आई हैं :

1. एक सवा तीन फुट के शिलाफलक में चौबीस तीर्थंकरों की कामोत्सर्गासन में प्रतिमाएं उत्कीर्ण हैं। मध्य में श्री चन्द्रप्रभु तीर्थंकर पद्मासन में विराजमान हैं। यह प्रतिमा 9वीं शती की है।

2. पार्श्वनाथ की कुछ हल्के भूरे पाषाण की यह प्रतिमा तीन फुट ग्यारह इंच की है। यह पद्मासन में विराजमान है। यह प्रतिमा गुप्तयुग में 5वीं शती की स्वीकार की गई है। ध्यानस्थ पार्श्वनाथ के ऊपर संवरदेव द्वारा किए गए उपसर्ग का दृश्य अंकित है।

3. एक तीर्थंकर प्रतिमा जिसकी चरण चौकी पर कोई लांछन और लेख नहीं है, अतः यह निश्चित नहीं हो सका है कि यह किस तीर्थंकर की प्रतिमा है। इसकी अवगाहना साढ़े चार फुट है तथा पद्मासन में स्थित है। इसका काल 9-10वीं शताब्दी प्रतीत होता है।

4. एक पाषाण फलक में भगवान महावीर की माता त्रिशला लेटी हुई हैं और तीर्थंकर के गर्भावतरण के सूचक 16 स्वप्न देखती हुई सुखनिद्रा का आनन्द ले रही हैं। फलक में 16 स्वप्न अंकित हैं। यह मूर्ति गुप्त शैली में ईसा की पांचवीं शताब्दी

की अनुमानित की जाती है। यह मूर्ति महास्थान (बंगला देश) से उपलब्ध हुई थी। कुछ लोग भ्रमवश इसे मायादेवी के स्वप्नदर्शन की मूर्ति मानते हैं किन्तु वस्तुतः है त्रिशला का स्वप्नदर्शन।

5 धातु की जैन प्रतिमाएं हैं। इनमें दो पद्मासन हैं तथा शेष तीन खड्गासन हैं। पांचों ही प्रतिमाएं जैन तीर्थंकरों की हैं और प्रायः दसवीं शती की हैं। इनमें 1 प्रतिमा मध्यप्रदेश से, 3 उड़ीसा से तथा 1 प्रतिमा बंगाल से उपलब्ध हुई है।

वर्द्धमान जिले की अवस्थिति

गजेटियर (प्रकाशित) 1910 के अनुसार वर्द्धमान जिले की सीमाएं इस प्रकार हैं—

उत्तर में संथाल परगना, वीरभूम, मुर्शिदाबाद, दक्षिण में हुगली, मिदनापुर, बांकुड़ा, पूर्व में नदिया और पश्चिम में मानभूम। इसमें 2697 वर्ग मील स्थान है।

गजेटियर में कुछ विशेष विवरण तो नहीं है किन्तु कलकत्ता बंगीय साहित्य सम्मेलन का अष्टम अधिवेशन जो वर्द्धमान में हुआ था, उसका विवरण बंगला सन् 1921 का मुद्रित देखने पर प्रसिद्ध विश्वकोष के रचयिता श्रीयुत् नगेन्द्रनाथ बसु लिखित वर्द्धमान की प्राचीन कथा है। इसका सार निम्न प्रकार है—

प्राचीन काल में वर्द्धमान तथा उसके आसपास के जिले को राढ़भूमि कहते थे। मार्कण्डेय पुराण तथा वराहमिहिर की वृहत् संहिता में भी वर्द्धमान जिले का वर्णन है। इसका कहीं-कहीं नामसूत्र भी है। महाभारत के टीकाकार नीलकण्ठ ने सूक्ष्म को ही राढ़देश कहा है। श्री महावीर स्वामी के समय के अनुमान में सन् ईस्वी से 500 वर्ष पूर्व सूक्ष्म तथा राढ़देश को वर्द्धमान के नाम से जाना जाता था। 24वें तीर्थंकर भगवान् महावीर ने यहां कई वर्ष तक विहार किया इसलिए दिगम्बर जैन समाज ने इसे पुण्य क्षेत्र माना और बहुत सम्भव है कि वर्द्धमान स्वामी के पुण्य समागम होने से इस स्थान का नाम वर्द्धमान प्रसिद्ध हुआ।

आई. एच. क्यू. 4, पृष्ठ 44, साहित्य परिषद पत्रिका 1922, पृष्ठ 5 जे. बी. ओ., आर. एस. 1927, पृष्ठ 90 के अनुसार वर्द्धमान के नाम पर बंगला देश के मानभूम, सिंहभूम और वर्द्धमान जिलों के नाम पड़े हैं। यूनानी दूत मैगस्थनीज भारत में ई. पू. चतुर्थ शती में आए थे, उन्होंने भी इस देश को गंगारिडि नाम से लिखा है। यूनान और रोम देश के कवियों के वर्णन से मालूम पड़ता है कि सन् ई. से चौथी शताब्दी पूर्व से पहली शताब्दी के मध्य में इस वर्द्धमान देश के अन्दर परतालिस, गंगे और कारवया नाम के तीन प्रधान नगर थे तथा बन्दरगाह थे। फ्रांसीसी विद्वान सैण्ट मार्टिन वर्तमान वर्द्धमान को ही परतालिस कहते हैं। गंगासागर संगम को ही गंगे तथा वर्तमान कांटोया काटदया है।

सन् ई. की सातवीं शताब्दी में चीनी यात्री ह्वेनसांग राढ़देश में आया था। इस यात्री ने लिखा है कि उस समय राढ़, सूक्ष्म अथवा वर्द्धमान को कर्ण सुवर्ण कहते

थे। यह प्रदेश बहुजनपूर्ण बहुत धनशाली तथा विद्यानुरागी पुरुषों का आवास था। राजधानी कर्ण सुवर्ण थी। उसमें 10 बौद्ध आश्रम तथा 50 अन्य सम्प्रदायों के देव मन्दिर थे। सन् ई. 8वीं एवं 9वीं शती में इस राढ़देश में शूरवंशीय राजाओं का अधिकार था, उसके पश्चात् पाल राजाओं के अधिकारों में जो भाग रहा उसको उत्तर राढ़ और पाल वंश के अधिकार में जो देश का भाग रहा उसको दक्षिण राढ़ कहते हैं। जैनधर्म का अस्तित्व इस देश में अति प्राचीन काल से था।

वर्द्धमान जिले में मंगलकोर थाने के अन्तर्गत उज्जैनी नगर के पास आडउयाल नामक ग्राम के मध्य में वट वृक्ष के पीछे एक मंगलचण्डी का मन्दिर है। इसके पास से होकर ग्राम में उत्तर-पूर्व कोने में लोचनदास का पाट है। यह समाधि स्थल है। इस समाधि मन्दिर के बाहर पूर्व भाग में माधवी लता के नीचे दो समाधि स्थलों के मध्य में एक कृष्ण पाषाण की बनी हुई बहुत सुन्दर जैन तीर्थंकर की प्रतिमा थी। इस मूर्ति को अब कलकत्ता बंगीय साहित्य परिषद के स्थान में लाकर रखा गया है। यह मूर्ति शान्तिनाथ भगवान् की है चूंकि आसन में मृग का चिह्न है। मूर्ति के मस्तक पर छत्र शोभायमान है। उसके दोनों ओर दुन्दुभि शोभनीक है और भी देव-देवियों की मूर्ति भूमि रूप है।

बंगाल में अनेक स्थानों पर जैन मूर्तियां मिली हैं और सरकारी संग्रहालयों में सुरक्षित हैं। जैन पुरातत्व सामग्री को देखकर श्री आर. डी. बनर्जी ने इसे 'जैन प्रभाव वाला क्षेत्र' कहा है। श्री डी. के. मित्र द्वारा सुन्दर वन के पास अन्वेषण में कम-से-कम दस मूर्तियां प्रकाश में आई हैं। आर. डी. बनर्जी ने लिखा है ये सभी मूर्तियां दिगम्बर जैन सम्प्रदाय की हैं।

डॉ. उमाकान्त प्रेमानन्दशाह, एम.ए., पी-एच. डी. बगैदा ने अपनी पुस्तक Studies is India Art, Page No. 26 में लिखा है—"All the India images belongs to the Digambara Sect." अर्थात् ये सारी मूर्तियां जैन दिगम्बर सम्प्रदाय की हैं। P. C. Roy Choudhary, Jain Antiquities in Manbhum में लिखते हैं—A number at inscriptions on the Pedestals of the images have been found. Thay have not yet been property deciphereel or studied. A proper study at the inscriptions and the images supported by some excquaties in well identified area at Jaina culture will no doubt throw a good deal at light on the history of culture in this part at country extendies over two thousand years.

Amrit Aazar Patrika, Nov.1956

मानभूम जिला की अवस्थिति

सन् 1911 के गजेटियर के अनुसार मानभूम छोटा नागपुर के पूर्वीय भाग में था, उसमें लिखा है–

यह मानभूम छोटा नागपुर के पूर्वीय भाग में है। 4147 वर्ग मील जगह है जिसमें सन् 1901 में 13,01,364 जनसंख्या थी। इसकी भौगोलिक सीमा उत्तर में हजारीबाग और संथाल परगना, पूर्व में वर्द्धमान, बांकुड़ा और मिदनापुर, दक्षिण में सिंहभूम और पूर्व में रांची और हजारीबाग हैं। इसमें बराकर, दामोदर, स्वर्णरेखा तीन प्रसिद्ध नदियां हैं। इस जिले में श्रावकों की संख्या जिनको अब सराक कहते हैं 10,496 है।

इनके सम्बन्ध में मानभूम गजेटियर जिसको एक कूपलैण्ड साहब ने बनाया था तथा सन् 1911 में छपा है उसमें लिखा है–सराक लोग पक्के शाकाहारी हैं, ये मांसाहार से परहेज करते हैं–गूलर आदि कीड़े वाले फलों को नहीं खाते। दिन में खाना अच्छा समझते हैं। कुलदेवता श्री पार्श्वनाथ को कहते हैं। यद्यपि जैनधर्म का उपदेश न मिलने से यह जैनधर्म को बिल्कुल भूल गए हैं तथा श्रावकों के संस्कार मौजूद हैं।

A. S. B. 1868, No. 35 में लिखा है–

They (Sarak) are represented as having great scruples against taking life. They must not eat till they have seen the sun and they venerate Parasavnath.

The Jain images are a lear proof of the existence at the Jain religion in there parts in old times. (A. S. B. 1868)

It is now forgotten that the district at Manbhum in Chota Nagpur Division in Bihar has been a great centre in Jainin Probably no other district in India could he fane more ancient Jain Antiquities going in neglect than in Manbhum.

Manbhum was the district through which are had to pase while going from Bengal or Bihar to Utkal or Orissa.

शोध हेतु व्यापक सम्भावनाएं

आश्चर्य है कि मानभूम जिले में जैन पुरातत्व की व्यापक सामग्री फैली हुई है, परन्तु सब उपेक्षित है। बाराभूम जिले का पावनपुर छोटा-सा ग्राम प्राचीन समय में महत्वपूर्ण जैन केन्द्र था। यहां काफी प्राचीन जैन मन्दिर एवं ध्वांसावशेष हैं, कुछ मन्दिरों पर आकर्षक कलाकारी है। मन्दिर के चारों ओर तीर्थंकरों की खण्डित

प्रतिमाएं यहां 6 किलोमीटर की दूरी पर छोटा-सा ग्राम अजानी में 2 फुट ऊंची शान्तिनाथ जी भगवान् की खड्गासन प्रतिमाएं हैं।

कुछ पूर्ण प्रतिमाएं भी वृक्षों के नीचे अथवा खुले स्थानों पर पड़ी हुई हैं। इनको राजकीय संरक्षण भी नहीं है। फलस्वरूप प्रतिदिन क्षरण हो रही हैं, चूंकि इन पर राजकीय प्रतिबन्ध नहीं है, अतः कुछ लोग इन्हें अपने घरों की दीवारों में और मन्दिरों में लगवा रहे हैं। यदि इन प्रतिमाओं पर शोध किया जाए तो निश्चित रूप से इससे 2000 वर्ष प्राचीन सांस्कृतिक इतिहास पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। जैन लोगों को इस ओर आगे आना चाहिए।

हिन्दी मनु., पी. सी. राय चौधरी के लेख

वर्द्धमान जिले की विशेषताएं

1. इस जिले में शिक्षा का विशेष प्रचार है। स्त्री, पुरुष सभी प्रायः शिक्षित हैं। उच्च शिक्षा का प्रचार है।

2. मुख्य व्यवसाय कृषि है। रहन-सहन, वार्तालाप सभी शिष्ट एवं सभ्य है। जीवन स्तर मध्यम है।

3. शुद्ध शाकाहारी हैं, अपनी मर्यादाओं का पालन करते हैं।

4. जैनाचार्यों द्वारा प्रतिपादित गृहस्थोचित नियमों का पालन घर-घर होता है। णमोकार मन्त्र तथा अन्य जैन चर्चाओं का ज्ञान है।

5. स्त्रियां घर एवं रसोई में शुद्धि और मर्यादाओं का पालन करती हैं।

6. आर्थिक स्थिति ठीक है--व्यापार, खेती, नौकरी करते हैं।

7. अतिथि सत्कार करते हैं। दहेज प्रथा से परेशान हैं।

8. कहीं भी कभी भी किसी सराक बन्धु को जघन्य अपराध में सजा नहीं मिली और न जघन्य कुकृत्य करता हुआ पकड़ा गया।

9. सादा जीवन और उच्च विचार वाले श्रद्धालु श्रावक हैं।

10. विधवा विवाह, अनमेल विवाह, विजातीय विवाह नहीं करते।

11. अपनी सराक जाति (दुमका, बांकुड़ा और संथाल परगने में ही शादी करते हैं।

12. सराक जाति का पूर्ण संगठन चाहते हैं।

13. प्याज, लहसुन, शराब, मांस, मछली, अण्डा आदि का प्रयोग नहीं करते।

14. स्वाभिमानी और बात के धनी हैं। तीर्थयात्राएं करते हैं।

वर्द्धमान

पश्चिमी बंगाल में बांकुड़ा, वर्द्धमान, पुरुलिया, मेदिनीपुर, मानभूम सराक बहुल क्षेत्र हैं। ताजा सर्वेक्षण में वर्द्धमान, पुरुलिया, बांकुड़ा के ही 139 ग्रामों में 4283 परिवारों में 32891 सराक बन्धु निवास कर रहे हैं।

प्राचीनकाल में वर्द्धमान तथा उसके आसपास की भूमि को राढ़ भूमि कहते थे। श्वेताम्बर साहित्य में भगवान् महावीर के छद्मस्थकाल के विहार का विस्तृत वर्णन उपलब्ध होता है। भगवान् ने लाढ़ (राढ़) देश के वज्रभूमि और शुभ्रभूमि प्रदेश में अपनी छद्मावस्था में विहार किया। उस समय वहां के निवासियों ने उपसर्ग भी किए किन्तु भगवान् के व्यक्तित्व का यह चमत्कार ही कहना होगा कि वे ही लोग भगवान् के अनुयायी बन गए और देश का नाम ही भगवान् के नाम पर वर्द्धमान हो गया। तब से राढ़ के स्थान पर वर्द्धमान ही चला आ रहा है।

पूज्य उपाध्याय ज्ञानसागर जी के प्रवास काल में उनसे प्रेरणा लेकर युवकों के एक समूह ने जिनमें प्रमुख थे—दीनबन्धु मांझी, अजित कुमार मांझी, सृष्टिधर मांझी, किरीट मांझी। एक दल इस जिले के सर्वेक्षण हेतु गया। इस जिले के 28 ग्रामों के 377 परिवारों की कुल जनसंख्या 3581 से वार्ता के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि इन्हें अपने सराक होने का अनुभव तो है पर दीर्घ समय से किसी भी प्रकार का धर्म साधन न मिलने से ये अपनी संस्कृति को भुला बैठे हैं। यहां शिक्षा का प्रचार-प्रसार है। जीवन स्तर मध्यम है। सुरुचि सभ्यता है। अतः समझाने पर शीघ्र समझ भी जाते हैं। स्वभावतः सरल एवं शान्त ये बंगाल निवासी यहां की परम्रागत प्रान्तीय संस्कृति के साथ कभी तालमेल बैठा ही नहीं सके। ये अलग तो हो गए पर मांसाहार से सूर्योदय देखने वाले उस मतस्य मांसप्रिय क्षेत्र से संस्कारगत आत्मीयता न रख सके।

सराक क्षेत्र एवं उपाध्याय ज्ञानसागर जी

